तापमान

अधिकतम 42.2 डिग्री

न्यूनतम 29.6 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 6 जून 2026




अशोकनगर की खराब सड़क पर भरा पानी लोग हो रहे परेशान।



## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल में स्क्रीनिंग शिविर आज

**बिलासपुर।** बालको मेडिकल सेंटर रायपुर द्वारा कैंसर की स्क्रीनिंग जिला अस्पताल में आयोजित की जा रही है। शनिवार 6 जून को कैंसर विशेषज्ञ द्वारा स्क्रीनिंग की जाएगी। सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल द्वारा लोगों से सुविधा का लाभ लेने की अपील की है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं बाल्को मेडिकल सेंटर रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में बालको कैंसर सेंटर द्वारा कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन जिला अस्पताल में किया जा रहा है। विशेषज्ञों के द्वारा मुख, स्तन, गर्भाशय ग्रीवा एवं अन्य प्रकार के कैंसर की स्क्रीनिंग की जाएगी। जिला अस्पताल के एनसीडी क्लीनिक कक्ष 19 में पंजीयन के बाद कैंसर विशेषज्ञ द्वारा परामर्श दिया जाएगा। विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों के दल द्वारा कैंसर स्क्रीनिंग, संदिग्ध कैंसर मरीजों के उचित जांच व उपचार परामर्श किया जाएगा। इस दौरान सभी बीएमओ को संदिग्ध मरीजों को जिला चिकित्सालय में आवश्यक जांच एवं परामर्श दिलाने के लिए कहा गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शुभा गरेवाल व जिला नोडल अधिकारी डॉ. बीके वैष्णव ने लोगों से इस शिविर में ज्यादा से ज्यादा उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की है।

### सीजीपीएससी की मुख्य परीक्षा आज से

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा-2025 की लिखित परीक्षा 6 जून से 9 जून 2026 तक होगी। इसका आधिकारिक टाइम टेबल घोषित कर दिया गया है। यह परीक्षा निर्धारित चार दिनों तक प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जाएगी। इसमें प्रथम पालीः प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक रहेगी। 6 जून को प्रथम पाली में भाषा तथा द्वितीय पाली में निबंध की परीक्षा होगी। 7 जून को सामान्य अध्ययन-I (प्रथम पाली) एवं सामान्य अध्ययन-II (द्वितीय पाली) की परीक्षा ली जाएगी। इसी तरह 8 जून को सामान्य अध्ययन-III (प्रथम पाली) एवं सामान्य अध्ययन-IV (द्वितीय पाली) में होगी। 9 जून को सामान्य अध्ययन-V केवल प्रथम पाली में आयोजित किया जाएगा।

### 5वीं-8वीं की पूरक परीक्षाएं आज से

**बिलासपुर।** कक्षा 5वीं व 8वीं की पूरक परीक्षाएं 6 से 12 जून तक आयोजित होंगी। कक्षा 5वीं में 6 जून को हिन्दी, 8 को गणित, 10 को पर्यावरण और 12 को अंग्रेजी विषय की परीक्षा होगी। परीक्षाएं सुबह 8 से 10 बजे तक संचालित होंगी। वहीं कक्षा 8वीं में हिन्दी, गणित, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, संस्कृत-उर्दू एवं विज्ञान विषय की परीक्षाएं 6 से 12 जून के बीच होंगी।

### नशे में धुत कामर्शियल इंस्पेक्टर की गाड़ी जब्त

**बिलासपुर।** नशे में धुत रेलवे के कामर्शियल इंस्पेक्टर की गाड़ी को जब्त करने की कार्रवाई की गई है।



गुरुवार की देर रात 12.30 बजे बुधवारी बाजार में आग लगने की घटना हो गई थी। इस दौरान तोरवा पुलिस बाजार के पास चेकिंग कर रही थी। इस चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को नशे में गाड़ी चलाते हुए पकड़ा गया। बिलासपुर रेल मंडल का कामर्शियल इंस्पेक्टर आशीर्वाद तिर्की होने की जानकारी दी। पुलिस ने नशे में धुत रेलवे कर्मचारी को भेजने के बाद धारा 185 के तहत गाड़ी को जब्त कर लिया। वहीं रेलवे के अनुसार कामर्शियल इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत आशीर्वाद तिर्की काफी समय से कार्यालय नहीं गया है, जिसकी वजह से उसे कई बार रिमाइंडर भी भेजा गया है।

# निर्माण एजेंसी पर निगम की मेहरबानी, 50 लाख की पेनाल्टी से दे दी छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी में 20 करोड़ की लागत से बन रहा कन्वेंशन सेंटर का काम तीन साल बाद भी अधूरा है। हालांकि स्मार्ट सिटी का दावा है कि इसे जून 2026 तक हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा। इससे पहले अधिकारियों ने ठेका कंपनी पर एक तरह से मेहरबानी दिखाते हुए तीन बार एक्सटेंशन दे दिया जबकि हर बार समय सीमा बढ़ाने से पहले काम में देरी के लिए पेनाल्टी का प्रावधान है। दरअसल श्रध्दा कंस्ट्रक्शन कंपनी को 30 दिसंबर 2024 तक इसका काम पूरा करना था। इसके बाद 30 मार्च 2025 तक तीन महीने का एक्सटेंशन दिया गया लेकिन काम जस का तस ही रहा। इसके बाद कंपनी ने 20 दिसंबर 2025 तक का समय मांगा। तात्कालीन कमिश्नर ने 10 प्रतिशत पेनाल्टी लगाने की बात कही थी। बाद में इसे 50 लाख रुपए किया गया। हालांकि ठेका कंपनी को फिर से इस राशि से भी छूट दे दी गई।इधर यह भी फैसला लिया गया है कि इस सेंटर को निगम नहीं चलाएगा बल्कि इसे ठेके पर दिया जाएगा।

गौरतलब है कि लगभग सवा एकड़ में फैला यह कन्वेंशन सेंटर 19 करोड़ 78 लाख रुपए की लागत से तैयार किया जा रहा है। दावा है कि यह बिलासपुर के रचनात्मक और सांस्कृतिक आयोजनों को नए आयाम देगा। स्मार्ट सिटी के मुताबिक यह सेंटर सभा, संगोष्ठी, प्रदर्शनी, कला और साहित्य से जुड़ी गतिविधियों के साथ गीत-संगीत और नाटकों के मंचन के लिए एक आदर्श स्थान बनेगा।

अलग खबर

## 20 करोड़ का कन्वेंशन सेंटर चलेगा ठेके पर

- काम में देरी के बाद भी अब तक तीन बार एक्सटेंशन दे दिया गया
- अब दावा है कि जून 2026 तक हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा




### प्रमुख सुविधाएं और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर

| | |
|---|---|
| ग्राउंड फ्लोर | : दुकानों के लिए स्थान |
| प्रथम तल | : कॉरपोरेट ऑफिस और कोचिंग के लिए स्थान |
| द्वितीय तल | : 700 लोगों की क्षमता वाला ई-लाइब्रेरी वीआईपी रूम और वेटिंग हॉल |
| तृतीय तल | : 500 लोगों की क्षमता का ऑडिटोरियम म्यूजिक रिकॉर्डिंग हॉल |
| अन्य सुविधाएं | : फोर-व्हीलर और टू-व्हीलर पार्किंग लैंडस्कैपिंग और दो लिफ्ट आधुनिक टॉयलेट और आकर्षक डिजाइन |

**500 सीटर आडिटोरियम का काम जारी**

अधिकारियों का दावा है कि स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी गेट के सामने बनाए जा रहे इस सेंटर से बिलासपुर का नाम उन शहरों में शामिल होगा, जहां बड़े आयोजनों के लिए अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर मौजूद हैं। हालांकि अभी काफी सिविल वर्क इसमें बाकी है। इसके साथ ही तृतीय तल पर 500 लोगों की क्षमता का ऑडिटोरियम का काम जारी है। इसमें कुर्सियां लगनीं बाकी बाकी है तो फिनिशिंग में समय लगेगा। इसके साथ ही सेंटर के बाहर एक छोटी सीसी रोड भी बनाई जानी है।

### कन्वेंशन सेंटर की कमी

लंबे समय से बिलासपुर में एक ऐसे सर्वसुविधायुक्त कन्वेंशन सेंटर की कमी महसूस की जा रही थी, जहां एक ही स्थान पर बड़े और रचनात्मक आयोजनों की सुविधा हो। खासकर कला और साहित्य से जुड़े आयोजनों के लिए यह सेंटर एक बड़ा मंच प्रदान करेगा। यह सही है कि ठेका कंपनी ने काम सुस्त गति से किया है। उसे चेतावनी दी गई है और हर हाल में 30 जून तक काम पूरा करने कहा गया है। इसका संचालन किसी एजेंसी को दिया जाएगा।

- प्रकाश कुमार सर्वे
निगम आयुक्त

### गुरुवार की रात 11 बजे से शुरू हुई थी दमकलों की दौड़, शुक्रवार शाम तक नहीं थमी

# बुधवारी बाजारः 18 घंटे धधकती रही आग धू-धूकर जलता रहा करोड़ों का सामान



दुकान में रखीं सैकड़ों महंगी साइकिल जलकर राख



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे क्षेत्र स्थित बुधवारी बाजार के गोदामों व दुकानों में गुरुवार की रात 11 बजे से लगी भीषण आग शुक्रवार की शाम तक पूरी तरह बुझाई नहीं जा सकी। दमकल के पानी से आग बुझाने का प्रयास किया जाता रहा, लेकिन दुकानों में रखा सामान रह रहकर धधकता रहा। आग की चपेट में आई एक सायकिल दुकान को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा है। आग लगने से 4 दुकानों व गोदामों में रखा करोड़ों रुपए का सामान जल गया है।

बुधवार बाजार में गुरूवार की रात 11 बजे लगी भीषण आग के कारण 4 व्यापारियों को अच्छा खासा नुकसान हो चुका है। जहां जय हिंद साइकल स्टोर व जय हिंद इलेक्ट्रानिक्स के दुकान और गोदाम में रखे सारे सामान आग की चपेट में आने से राख हो चुके हैं। वहीं रेडिमेड कपड़े की दुकान डाली ड्रेसेस व गोदाम के रखे कपड़े स्वाहा हो चुके हैं। साथ ही पास के डीडी कलेक्शन में भी आग की लपटों ने नुकसान पहुंचाया है।

हालत यह है भीषण आग को बुझाने के लिए 22 दमकलों को पानी बहाना पड़ा है, इस दौरान करीब 50 से अधिक लोगों ने अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया है, इसके बाजवूद शुक्रवार की शाम 4 बजे तक रह-रह कर धुंआ उठता रहा। यही कारण है बुधवारी बाजार के अन्य दुकानदार हादसे को लेकर आशंकित है। फिलहाल हादसे की सही वजह का पता नहीं चल सका है लेकिन दुकानदार आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बता रहे हैं।

### रेलवे ने रोका दमकल



खास बात यह है कि रेलवे परिक्षेत्र में रेलवे के कइ बड़े कार्यालय है, जहां हजारों लोग काम करते हैं, साथ ही रेलवे की कालोनियां हैं। इसके बावजूद रेलवे के पास खुद का कोई दमकल नहीं है। वहीं दुकानों की आग बुझाने के लिए 6 किमी दूर से नगर निगम, एनटीपीसी और एसईसीएल की दमकलें मंगाई गई।

### रेलवे के बेरीकेड ने रोका रास्ता

बुधवारी बाजार में आग लगने के बाद इसे बुझाने में रेलवे द्वारा जगह जगह लगाए बेरीकेड भी बाधा बने। रेलवे ने अपनी सड़कों पर जबरिया लोहे के बेरिकेड लगा रखा है, जिसके चलते वाहनों को आने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आसपास के लोगों ने बताया कि कुछ दमकलों को दूसरी दिशाओं से लाने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ी है, जिसके चलते आग बुझाने में समय भी लगा।



## पूर्व विधायक शैलेष ने की मुआवजे की मांग

बुधवारी बाजार में बीती रात भीषण अग्निकांड के बाद शुक्रवार को पूर्व विधायक शैलेश पांडेय मौके पर पहुंचे। इस दौरान प्रभावित व्यापारियों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और व्यापारियों के लिए प्रशासन से मुआवजे की मांग की।

पूर्व विधायक ने जय हिंद साइकिल स्टोर एवं डॉली ड्रेसेस समेत प्रभावित प्रतिष्ठानों के संचालकों से चर्चा की। व्यापारियों ने उन्हें बताया कि आग जय हिंद साइकिल स्टोर में लगी, जिसके बाद देखते ही देखते आसपास की दुकानों तक फैल गई। इस हादसे में कई व्यापारियों को भारी आर्थिक क्षति हो चुकी है। श्री पांडे ने कहा कि आगजनी की इस घटना से प्रभावित परिवारों और व्यापारियों को गंभीर आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से प्रभावित व्यापारियों को तत्काल उचित मुआवजा एवं आर्थिक सहायता देने की मांग की। उन्होंने कहा कि बुधवारी बाजार जैसे घनी आबादी वाले व्यावसायिक क्षेत्रों में अग्निशमन सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने पर रेलवे और जिला प्रशासन की उदासीनता को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि बचाव के लिए आवश्यक संसाधन और सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रशासन की है, ऐसी घटनाओं को रोकने पुख्ता इंतजाम करने की बात कही।



आग बुझने के बाद गोदाम में फैला सामान।



पानी डालकर आग बुझाते दमकलकर्मी।

## तालाब में डूबने से दो भाइयों की मौत





### घर में पसरा मातम

**बिलासपुर/सीपत।** सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम नरगोड़ा के लुदियापारा में शुक्रवार सुबह एक हृदयविदारक हादसे से पूरे गांव को मातम छा गया। तालाब में नहाने गए दो सगे मासूम भाइयों की डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि परिवार पहले से ही बुजुर्ग की मौत के बाद गमगीन था, लेकिन दो भाईयों की अकाल मौत ने पूरे परिवार को तोड़ कर रख दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, नरगोड़ा निवासी किशोर कुमार खरे के पुत्र ऋषभ कुमार खरे और रितेश कुमार खरे सुबह करीब 8 बजे अपने साथी निहाल के साथ गांव के नए तालाब में नहाने गए थे। नहाते समय दोनों भाई अनजाने में गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। उनके साथ मौजूद निहाल घबराकर तत्काल गांव पहुंचा और परिजनों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण दौड़ते हुए तालाब पहुंचे। जोगीराम सूर्यवंशी सहित अन्य ग्रामीणों ने काफी प्रयास के बाद दोनों बच्चों को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। दोनों मासूमों की सांसें थम चुकी थीं। घटना की जानकारी मिलते ही सीपत पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण गहरे पानी में डुबना पाया गया है। पोस्टमार्टम के बाद दोनों बच्चों के शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस हादसे से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सबसे ज्यादा दर्दनाक स्थिति बच्चों की मां की है, जिसका रो-रोकर बुरा हाल है। कुछ घंटे पहले तक जिन बच्चों की हंसी से घर गूंज रहा था, उनके हमेशा के लिए बिछड़ जाने का यकीन मां को नहीं हो पा रहा है। गांव के लोग परिजनों को ढांढस बंधाने पहुंच रहे हैं, लेकिन इस अपूरणीय क्षति के सामने सांत्वना के शब्द भी छोटे पड़ गए हैं। पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है।

### दादा के दशकर्म में आया था परिवार

परिजनों के अनुसार रविवार को मासूम बच्चों के दादा का दशकर्म कार्यक्रम था। इसी वजह से बच्चों के पिता, दिल्ली से सीपत पहुंचें थे, दरअसल रोजी-रोटी कमाने के लिए बच्चे के पिता दिल्ली में रहते है। गुरुवार सुबह ही अपने परिवार के साथ गांव लौटे थे। परिवार अभी दशकर्म के बाद के माहौल से उबर भी नहीं पाया था कि शुक्रवार सुबह दोनों मासूम भाइयों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। एक ही सप्ताह में परिवार पर दोहरी त्रासदी टूट पड़ने से घर में मातम पसरा हुआ है और पूरे गांव में शोक का माहौल है।

### रिटेल आउटलेट से ही चोरी छिपे डीजल खरीद रहे थे उद्योग

# नोटिस मिलते ही उद्योगों ने कंज्यूमर पंपों से शुरू की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- कलेक्टर ने नोटिस जारी कर मांगा था जवाब
- अब डीजल पंपों में स्थिति सामान्य

कंज्यूमर पंप से बीते वर्ष की तुलना में डीजल की खरीदी नहीं करने वाले उद्योगों को कलेक्टर द्वारा नोटिस जारी करना रामबाण साबित हुआ। नोटिस जारी कर जवाब मांगने एवं संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कंज्यूमर लाईसेंस निरस्त करने की चेतावनी देने के बाद उद्योगों ने कंज्यूमर पंपों से डीजल की खरीदी प्रारंभ कर दी है। परिणामस्वरूप रिटेल आउटलेट्स पर डीजल के लिए मचने वाली होड़ अब पूरी तरह समाप्त हो गई है।

डीजल की कीमत बढ़ने के बाद पैसे बचाने के



लिए कंज्यूमर पंप से डीजल न लेकर रिटेल आउटलेट्स से डीजल उठाने वाले सात उद्योगों को कलेक्टर ने नोटिस जारी किया था। इन उद्योगों में मे. बाहुबली कंस्ट्रक्शंस, मे.क्लीन कोल इंटरप्राईजेस, मे. हिंद मल्टी सर्विस प्राईवेट लिमिटेड, मे. लैंडमार्क इंजीनियर्स, मे.ईश्वरी मिनरल्स एवं मे.पारस पावर एंड कोल बेनिफिकेशंस शामिल हैं। इन सभी को तीन दिनों के भीतर नोटिस का जवाब देने एवं जवाब में यह बताने कि उनकी फर्म के द्वारा बीते वर्ष के अनुपात में इस वर्ष उसी अवधि में कंज्यूमर पंपों से डीजल की खरीदी क्यों नहीं की गई? संबंधी लेख किया गया था।

खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आज की स्थिति में सभी सातों उद्योगों के द्वारा फिलहाल नोटिस का जवाब तो प्रस्तुत नहीं किया है, लेकिन कंज्यूमर पंपों से डीजल की खरीदी जरूर प्रारंभ कर दी गई है। यही कारण है कि एक सप्ताह पहले तक डीजल पंपों पर टैक्टरों व हाथ में जरीकेन पकड़े डीजल के लिए किसानों की नजर आने वाली लंबी-लंबी कतार अब समाप्त हो चुकी है। रिटेल आऊटलेट्स पर डीजल की मारामारी नहीं होने एवं डीजल लेने वालों को उनकी जरूरत एवं मांग के आधार पर डीजल दिए जाने से डीजल की कमी जैसी अफवाह पर पूरी तरह ब्रेक लग गया है।

### कुछ ने अब तक नहीं दिया जवाब

कंज्यूमर पंप से डीजल नहीं लेने के मामले में कलेक्टर द्वारा सात उद्योगों को नोटिस जारी किया गया था। नोटिस में तीन दिवस के भीतर जवाब देने की बात लिखी गई थी। इस संबंध में खाद्य विभाग के अनुसार अभी कुछ लोगों के जवाब आ चुके हैं, लेकिन कुछ के जवाब आने अभी भी बाकी हैं। हालांकि इस बात की पुख्ता जानकारी है कि सभी उद्योगों ने कंज्यूकर पंपों से डीजल की खरीदी प्रारंभ कर दी है।

### कुछ उद्योगों ने नहीं दिया जवाब

कुछ उद्योगों के जवाब आ चुके हैं, वहीं कुछ के जवाब आने बाकी हैं। हालांकि उद्योगों के द्वारा कंज्यूमर पंपों से डीजल लेना प्रारंभ कर दिया गया है। इसी का परिणाम है कि रिटेल आऊटलेट्स में अब डीजल के लिए हो रही मारामारी समाप्त हो चुकी है। सबको आसानी से आवश्यकता व मांग अनुसार डीजल उपलब्ध हो रहा है।

- **अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

### सेमेस्टर परीक्षा 15 से

**बिलासपुर।** एयू द्वारा आयोजित यूजी-पीजी सेमेस्टर परीक्षा वैसे तो 1 जून से प्रारंभ हो गया है। लेकिन प्रमुख परीक्षाएं 15 जून से शुरू होगी। इसलिए 15 जून से सेमेस्टर परीक्षा का जोर रहेगा और दो पालियों में सुबह 7 बजे से 10 बजे तथा 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक दो पालियों में परीक्षा होगी।


**प्लाट शीघ्र बेचना है**

लोरमी से 7 किमी. दूरी पर बघनीभांवर मेनरोड में, रोड 80 फीट से लगा हुआ कृषि योग्य सर्वसुविधा युक्त 5 (पांच) एकड़ की प्लाट, मकान एवं 2 बोरवेल चारों तरफ से कांटा तार लगा हुआ प्लाट बिकाऊ है।

सरजूराम डड़सेना (कोदवा)

मो. 6261908911 8871521615

## खबर संक्षेप

### स्कॉर्पियो की लूट दो आरोपी गिरफ्तार

कोरबा। एक स्कार्पियो चालक को मध्य प्रदेश के सीहोर जाने के नाम पर बुकिंग कराई गई थी लेकिन जब स्कार्पियो चालक गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचा तो दो युवकों ने उसे बुकिंग में ले जाने की वजह स्कार्पियो चालक की पिटाई कर उसे जंगल में छोड़ दिया था और उसकी स्कॉर्पियो मोबाइल और पर्स लूटकर भाग निकले थे। पुलिस ने इस लूटपाट के मामले में सूरजपुर जिले से दो आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत घुड़देवा निवासी संजय केवट स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 12 बीएन 9335 का चालक है जो जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बुकिंग में स्कार्पियो वाहन को संचालित करता है। बताया जाता है कि अरविंद पाल पिता सुरेंद्र पाल और उसका एक अन्य साथी पंकज पाल और पिता राजपाल ने विगत दिनों संजय केवट को स्कॉर्पियो की बुकिंग कराई थी और उसे मध्य प्रदेश के सीहोर जाने के लिए सौदा तय किया था।

## निधन

### अमन गुप्ता

**बिलासपुर।** रतनपुरिहा कसौंधन वैश्य समाज के रतनपुर नगर ईकाई के अध्यक्ष होरी लाल गुप्ता के छोटे पुत्र अमन गुप्ता का 5 जून की सुबह हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। 28 वर्षीय अमन गुप्ता श्याम सुंदर गुप्ता के भतीजे एवं विक्की गुप्ता के छोटे भाई थे। उनका अंतिम संस्कार बिकमा तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया।



### क्षितिज मसीह

**मुंगेली।** लोरमी रोड दाऊपारा निवासी क्षितिज मसीह बॉबी का 5 जून को निधन हो गया। वे महिला बाल विकास की सुपरवाइजर विभा मसीह के पति स्व. सोमेश मसीह के बड़े भाई थे। उनका अंतिम संस्कार 6 जून को शाम 4 बजे क्रिश्चियन कब्रिस्तान में किया जाएगा।



### पौधरोपण अभियान चलाकर पर्यावरण दिवस मनाया

# एसीबी के क्षेत्रीय मुख्यालय परम मित्र नगर बतारी टाउनशिप में पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज : कोरबा

एसीबी (इंडिया) लिमिटेड, क्षेत्रीय मुख्यालय चाकाबुड़ा ने परम मित्र नगर (बतारी) टाउनशिप में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन एक पौधरोपण अभियान के साथ किया। यह आयोजन इस वर्ष के संयुक्त राष्ट्र की थीम प्रकृति से प्रेरित। जलवायु के लिए। हमारे भविष्य के लिए की भावना के अनुरूप संपन्न हुआ। कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन के सभी अधिकारियों ने एसीबीआईएल के पर्यावरण विभाग के नेतृत्व में आयोजित पौधरोपण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया।

परम मित्र नगर टाउनशिप के क्लबहाउस में एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य नई पीढ़ी में जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। बच्चों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा भाग लिया तथा उनके प्रदर्शन के आधार पर




पुरस्कार वितरित किए गए। एसीबीआईएल के पावर एवं वाशरी प्रभाग के सभी संयंत्रों ने, क्षेत्रीय मुख्यालय चाकाबुरा सहित, अपने-अपने परिसरों में वृक्षारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण दिवस मनाया। जैव विविधता को समृद्ध करने एवं क्षेत्र को दीर्घकालिक पारिस्थितिकीय लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से स्थानीय प्रजातियों नीम, पीपल, बरगद, जामुन, बेल, शहतूत, आम, आँवला और अमरूद के पौधे रोपे गए। प्रतिभागियों ने जलवायु कार्रवाई को बढ़ावा देने तथा प्रकृति-आधारित समाधानों को अपने दैनिक कार्यों में समाहित करने का सामूहिक संकल्प लिया। इस वर्ष की संयुक्त राष्ट्र थीम प्रकृति से प्रेरित। जलवायु के लिए। हमारे भविष्य के लिए। जैव विविधता, जलवायु और मानव कल्याण के गहरे अंतर्संबंध को रेखांकित करती है और जलवायु समाधानों के केंद्र में प्रकृति को स्थापित करती है। इस वैश्विक अनिवार्यता के अनुरूप एसीबी लिमिटेड ने चाकाबुड़ा क्षेत्र में अपने सभी संयंत्र एवं वाशरी परिचालनों में पर्यावरणीय भार को कम करने की अपनी प्रतिबद्धता पुनः दोहराई।

## पौधा लगाकर देखभाल की लें जिम्मेदारी: संतोष

सकरी। ग्राम पंचायत परसदा में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक (गुरुजी) ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान का उल्लेख करते हुए सभी युवा, बुजुर्ग एवं ग्रामवासियों से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष डॉ. माधवी वस्त्रकार, विशाल (विक्की ) सिंह,जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, जनपद सीईओ सत्यव्रत तिवारी, सकरी मंडल अध्यक्ष रवि मेहर,अरुण चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर पंचायत परिसर एवं सार्वजनिक स्थलों पर पौधरोपण किया गया तथा ग्रामीणों को पौधों की सुरक्षा एवं नियमित देखभाल के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित



लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की शपथ भी ली। कार्यक्रम में सरपंच जगत साहू, उपसरपंच सुनील यादव, राजकमल साहू, जितेन्द्र सूर्यवंशी, कैलाश वस्त्रकार, जागेश्वर यादव, अमित कौशिक, परमेश्वर त्रिभुवन यादव, सचिव बृजेश साहू परमेश्वर यादव उत्तम वैष्णव मोहन साहू हनुमान केवट परसोत कौशिक श्याम कार्तिक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## धर्मजीत ने दिलाया स्वच्छ और हरित ग्राम निर्माण का संकल्प




तखतपुर। ग्राम पंचायत बेलपान में आयोजित कार्यक्रम में विधायक धर्मजीत सिंह ने हरित ग्राम निर्माण का संकल्प दिलाया। जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। ग्राम सभाओं में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषयों पर विशेष चर्चा करते हुए ग्रामीणों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में सक्रिय सहभागिता का संदेश दिया गया। तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता केवल एक दिवस का अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा सतत प्रयास है। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधरोपण करने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने कहा कि ग्राम सभाओं में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत साफ-सफाई बनाए रखने, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त ग्राम निर्माण तथा सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया गया। जनपद पंचायत अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाकर ही स्वच्छ, सुंदर और विकसित ग्रामों की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, वंदना सिंह, विक्रम कौशिक, विमला जांगड़े, ममता बहन आदि उपस्थित रहे।

# पचरैया नाले की सफाई में बरती जा रही लापरवाही



### खास बातें

- सड़क पर फेंका जा रहा कचरा राहगीरों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

नगर में हर वर्ष पचरैया नाले की सफाई नहीं होने के कारण वार्ड 2, 4, 12, 13 में बाढ़ आती है और लाखों रूपए का नुकसान होता है। सुशासन तिहार में लगे शिविर में आवेदन दिए जाने के बाद नाले की सफाई का ठेका दिया गया है पर नाले की ठीक से सफाई नहीं हो रही है। कचरे को सड़क पर रखकर ठेकेदार ने छोड़ दिया है जिससे आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी हो रही है।

नगर क्षेत्र के पचरैया नाला की सफाई का कार्य अधूरा और अव्यवस्थित तरीके से किए जाने से वार्ड वासी नाराज हैं। लोगों का कहना है कि नाले की सफाई तो की गई, लेकिन निकाले गए कचरे के ढेर को सड़क किनारे तथा मार्ग के बीच में ही छोड़ दिया गया है, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। स्थानीय रहवासियों के अनुसार सफाई के बाद कचरे का उचित निस्तारण नहीं किया गया। नाला से निकली गंदगी सड़क पर पड़ी हुई है, जिससे दुर्गंध फैल रही है और आसपास का वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है। राहगीरों तथा वाहन चालकों को सड़क पर फैले कचरे के कारण असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों का कहना है कि बरसात का मौसम नजदीक है और ऐसे में नालों की नियमित एवं समुचित सफाई आवश्यक है। यदि सफाई के बाद कचरा समय पर नहीं हटाया गया तो बारिश के दौरान पुनः नालियां जाम होने की आशंका बनी रहेगी।

क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि पचरैया नाला से निकाले गए कचरे के ढेर को तत्काल हटाकर उसका उचित निस्तारण किया जाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। केवल नाला साफ कर देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि निकले हुए कचरे को निर्धारित स्थान तक पहुंचाकर क्षेत्र की पूर्ण सफाई सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है। वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद शैलेंद्र निर्मलकर ने बताया कि पचरैया नाले की सफाई ठेकेदार द्वारा ठीक से नही की जा रही है और न ही कचरे के ढेर को मार्ग से उठाया जा रहा है। इसकी शिकायत नगर पालिका में की जाएगी।

### निरीक्षण के बाद भुगतान

पचरैया नाले की सफाई के कार्य में अगर लापरवाही की जाती है तो निरीक्षण के पश्चात ही भुगतान किया जाएगा।

अमरेश सिंह, सीएमओ,
नगर पालिका तखतपुर

बिलासपुर में दिल्ली के सरोजिनी मार्केट जैसी सबसे बड़ी सेल
सेल सिर्फ 2 दिन : शनिवार और रविवार (6 व 7 जून)
गारमेंट फैक्ट्री में मचा हाहाकार
बाहर सप्लाई न होने के कारण अब लाखों-करोड़ों डिजाईनों का माल बेचा जा रहा है सेल के माध्यम से वह भी मात्र 99/- से 699/- में
1000/- से 1500/- वाले गर्ल्स फैंसी आइटम
• लेडिस जींस • प्लाजो • स्कर्ट • वन-पीस • टॉप • कुर्ती आदि मात्र 99/- में
99 का स्पेशल धमाका
• गर्ल्स के सारे आइटम मिलने वाले हैं आपको ........ मात्र 99/- में
• लेडीस जींस, लेडीज कैपरी, L से 5XL साइज में कुर्ती ........ मात्र 99/- में
• मुंबई के फैंसी टॉप, ओरिजिनल कोरियन आइटम ........ मात्र 99/- में
• कांजीवरम, सिल्क कॉटन, भागलपुरी, ओरिजिनल साड़ियां ........ मात्र 199/- & 299/- में
अविश्वसनीय ऑफर
5 पीस टी-शर्ट - 500/-
2 पीस ब्रांडेड जीन्स - 500/-
5 पीस ब्रांडेड शर्ट - 500/-
ओरिजिनल कोरियन टॉयज (सॉफ्ट टॉयज़)
मात्र 99/- व 199/- में
स्थान- होटल दी ईस्ट पार्क लिंक रोड, अग्रसेन चौक, बिलासपुर
sumit









## खबर संक्षेप

### रेल अफसरों और कर्मचारियों को दिलाई गई शपथ

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोनल मुख्यालय में मधुबन उद्यान में महाप्रबंधक तरूण प्रकाश के अलावा अन्य ने 500 से अधिक फलदार और छायादार पौधरोपण किया। कार्यक्रम में स्काउट एंड गाइड, नागरिक सुरक्षा संगठन, सेंट जॉन एम्बुलेंस के स्वयंसेवकों, स्कूल के विद्यार्थियों, स्थानीय लोगों ने भाग लिया। स्कूल के बच्चों एवं रेलकर्मियों की ओर से बनाई गई चित्रकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई। महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने कहा कि जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरणीय चुनौतियों के इस दौर में प्रति व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह प्रकृति संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाए।

### यादव महासभा ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**बिलासपुर।** रायपुर जिला मंदिर हसौद कालोनी में यादव समाज के एक युवक की अज्ञात लोगों द्वारा कर महानदी के रेत में दफना दिया गया था, जिसे पुलिस टीम द्वारा खोदकर निकाला गया। मृत व्यक्ति की पहचान 38 वर्षीय भुवनेश्वर यादव के नाम से किया गया। जवान युवक की हत्या के बाद पूरा परिवार सदमे में है और परिजन जो उनके कमाई पर आश्रित थे उनके सामने अंधकार छा गया। उनका भरणपोषण अब कौन करेगा? अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा बिलासपुर जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश्वर यादव और युवा कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मी यादव के नेतृत्व में एडिशनल कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम पत्र सौंपा गया। जिसमें मुख्यमंत्री से आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने और मृतक के परिवार को सहायता राशि देने की मांग की गई। इस अवसर पर भुवनेश्वर यादव, लक्ष्मी यादव, अखिलेश यादव यादव, रतन यादव, निलेश यादव,गोलू यादव, अमित यादव, अविनाश यादव सोनू यादव, कुश यादव , अजय यादव, किशोर यादव, नितेश यादव, राजा,महेंद्र, राहुल समाज के लोग मौजूद थे।

### कांग्रेस नेता राय वरिष्ठ प्रवक्ता नामित किए गए

**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अभय नारायण राय को संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला



की अनुशंसा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने वरिष्ठ प्रवक्ता नामित किया है। श्री राय ने इसके लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित संचार विभाग के सुशील आनंद शुक्ला, प्रशासनिक महामंत्री मलकीत सिंह गेदू का आभार व्यक्त किया है। श्री राय के वरिष्ठ प्रवक्ता बनने पर विधायक अटल श्रीवास्तव, विधायक दिलीप लहरिया, प्रमोद नायक, राजेंद्र शुक्ला, महेश दुबे टाटा, जितेंद्र पांडे, शिवबालक कौशिक ने हर्ष व्यक्त किया है।

## एजुकेशन प्लस

### महामाया आईटीआई में अप्रेन्टिसशिप जागरूकता पाठशाला



**बिलासपुर।** महामाया प्रा. आईटीआई ख़मतराई बिलासपुर में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना एवं अप्रेंटिसशिप योजना के बारे में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। आदर्श औद्योगिक संस्था कोनी बिलासपुर के अप्रेंटिसशिप प्रभारी विक्रम प्रताप सिंह के द्वारा विभिन्न ट्रेड के प्रशिक्षुओं को उनके ट्रेड के बारे में जानकारी, कार्यशैली एवं कार्य की गुणवत्ता पर जागरूक किया गया। आई टी आई उत्तीर्ण होने के पश्चात प्रशिक्षुओं को विभिन्न उद्योगों में रोजगार, एवं अप्रेंटिसशिप करना चाहिए, इसके लिए प्रशिक्षुओं को एनएपीएस एवं पीएम आई एस पोर्टल में अपना पंजीयन करना होगा। इस मौके में संस्थान के सभी प्रशिक्षुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

सालों पुरानी व्यवस्था बदली गई, 10 जून तक सभी जिलों में आपूर्ति का दावा

# प्रवेशोत्सव के दौरान ही इस बार छात्रों को एक साथ मिलेंगे दो-दो सेट यूनिफॉर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के सरकारी और अनुदान प्राप्त स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को इस बार प्रवेश उत्सव के समय ही दो-दो सेट गणवेश (यूनिफॉर्म) उपलब्ध कराने की तैयारी है। इससे पहले अब तक विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में एक सेट गणवेश दिया जाता था, जबकि दूसरा सेट अक्टूबर-नवंबर में बांटा जाता था। इस वर्ष व्यवस्था में बदलाव करते हुए दोनों सेट एक साथ उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। ध्यान रहे कि बिलासपुर में 11 हजार के करीब साइकिल, साढ़े चार लाख से अधिक किताबों के सेट और 40 हजार बच्चों को यूनिफार्म दिया जाना है।

गौरतलब है कि प्रदेश स्तर पर कुल 50 लाख 93 हजार 769 गणवेश की मांग प्राप्त हुई है। इसके विरुद्ध अब तक 28 लाख नौ हजार 699 गणवेश की आपूर्ति की जा चुकी है। जबकि 22 लाख 84 हजार 70 गणवेश की आपूर्ति शेष है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि उत्पादन और परिवहन कार्य युद्धस्तर पर जारी है और निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी स्कूलों तक गणवेश पहुंचा दिए जाएंगे।




### महिला स्व सहायता समूहों को जिम्मेदारी

विभाग ने दावा किया है कि 10 जून तक प्रदेश के सभी जिलों में दो-दो सेट गणवेश पहुंचा दिए जाएंगे, ताकि प्रवेशोत्सव के दौरान विद्यार्थियों को समय पर लाभ मिल सके। गणवेश निर्माण का जिम्मा प्रदेश के 2,001 महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपा गया है। इन संभाग में शत-प्रतिशत आपूर्ति संभागवार मांग और आपूर्ति के आंकड़ों पर नजर डालें तो बिलासपुर संभाग में शिक्षा विभाग और समग्र शिक्षा मिशन द्वारा 6 लाख 16 हजार 692 गणवेश की मांग की गई थी, जिसकी पूरी आपूर्ति कर दी गई है।

### बिलासपुर में बंटेंगे साढ़े छह लाख गणवेश

इस बार बिलासपुर संभाग में छह लाख 52 हजार 876 गणवेश बांटे जाएंगे। अधिकारियों के मुताबिक यहां शत-प्रतिशत आपूर्ति पूरी हो चुकी है। इसी तरह दुर्ग संभाग में कुल 10 लाख 17 हजार 697 गणवेश की मांग थी जिसमें एक लाख 45 हजार 694 गणवेश की आपूर्ति की गई है। जबकि आठ लाख 72 हजार तीन गणवेश तैयार कर भेजे जा रहे हैं। रायपुर संभाग में 10 लाख 21 हजार 760 गणवेश की मांग है। इसी तरह सरगुजा संभाग में आठ लाख चार हजार 130 गणवेश छात्रों को वितरित किए जाएंगे।

### कत्थे रंग की पैंट और नीले रंग की चेक शर्ट मिलेगी

गौरतलब है कि यह गणवेश पहली से आठवीं तक के बच्चों को दिया जाता है। इसके साथ ही इस बार यूनिफार्म के रंग में भी बदलाव किया गया है। इस सत्र बच्चे पुरानी सफेद शर्ट और नीली पैंट की जगह कत्थे रंग की पैंट और नीले रंग की चेक शर्ट में नजर आएंगे। अधिकारियों के मुताबिक छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित द्वारा गणवेश निर्माण और आपूर्ति का कार्य किया जा रहा है। संघ के अनुसार प्रदेश के दूरस्थ और आदिवासी बहुल क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए पहले बस्तर, सरगुजा और बिलासपुर संभागों में दोनों सेट की आपूर्ति पूरी कर दी गई है। वहीं दुर्ग संभाग में पहले और दूसरे सेट की आपूर्ति जारी है। जबकि रायपुर संभाग में वितरण कार्य अभी शुरू किया गया है।

### पूरी हो चुकी है आपूर्ति

प्रदेश के सरकारी और अनुदान प्राप्त स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को इस बार प्रवेश उत्सव के समय ही दो-दो सेट गणवेश उपलब्ध कराने की तैयारी है। बिलासपुर संभाग में छह लाख 52 हजार 876 गणवेश बांटे जाएंगे। यहां शत-प्रतिशत आपूर्ति पूरी हो चुकी है।

\- **आरपी आदित्य**, संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग

## रेल यात्रियों को फूड प्लाजा में मिलेगी खान-पान की सुविधा



**बिलासपुर।** आदर्श रेलवे स्टेशन में अब यात्रियों को फूड प्लाजा में खान-पान की सुविधा मिल सकेगी, जिसकी ओपनिंग जोन और डिवीजन के कामर्शियल विभाग के अफसरों ने प्लेटफार्म नम्बर एक पर कर दी है।

उसलापुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने के बाद पुनर्विकसित करने का काम करीब-करीब पूरा कर दिया गया है। वर्तमान में किए गए कार्यों के अलावा कई नए काम भी स्वीकृत किए गए हैं, ताकि भविष्य में यात्रियों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। बिलासपुर की तरह अब उसलापुर रेलवे स्टेशन में भी यात्रियों की संख्या ट्रेनों के हिसाब से दिन प्रतिदिन बढ़नी शुरु हो गई है। कटनी, प्रयागराज, भोपाल, नई दिल्ली, जम्मू सहित अन्य मेट्रो स्टेशनों की ओर जाने वाली गाड़ियों का स्टापेज उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन में करने के साथ ही यात्रियों के खान-पान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यहां यात्रियों के खान-पान के लिए स्टॉल की सुविधा दोनों प्लेटफार्म पर दी गई है। इसके अलावा अब एक फूड प्लाजा भी यात्रियों के लिए ओपन कराया गया है। यह फूड प्लाजा आदर्श रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक यानि बुकिंग काउंटर के पास ओपन किया गया है, जहां यात्रियों को चाय, नाश्ता से लेकर भोजन की भी सुविधा मिलेगा। शुक्रवार की शाम फूड प्लाजा की ओपनिंग एसईसीआर जोन मुख्यालय के पीसीसीएम विजय कुमार ने की। इस अवसर पर डिप्टी सीसीएम कौशिक मित्रा, बिलासपुर रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह, मंडल वाणिज्य प्रबंधक एस भारतीयन सहित कामर्शियल स्टाफ मौजूद थे।

## एनएच में अब दिखेंगे शीशम-महुआ व नीम के पेड़

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा के दौरान अब किनारों पर नीम, महुआ व शीशम जैसे पौधे व निकट भविष्य मे पेड़ नजर आएंगे। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा सड़कों पर छायादार, हवादार व औषधीय पौधरोपण की नई पहल प्रारंभ की जा रही है। अब तक राष्ट्रीय राजमार्गों पर हाईट में छोटे व फूलों वाले पौधे रोपे जाते रहे हैं।

- **छायादार, हवादार व औषधीय पौधरोपण की होगी शुरूआत**

राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवागमन के दौरान सड़कों के किनारे अब जल्द ही नीम, शीशम व महुआ जैसे पौधे देखने को मिलेंगे। एनएचएआई द्वारा वर्ष 2026-27 से अपनी सड़कों पर इस तरह की नई पहल प्रारंभ की जा रही है। अभी रोपे गए पौधे कुछ ही वर्षों में विशालकाय वृक्ष के रूप में नजर आने लगेंगे। सड़क निर्माण के दौरान पेड़ों की कटाई से होने वाली क्षति की एनएचएआई की इस नई पहल से पूर्ति की जा सकेगी। वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्गों में दोनों सड़कों के बीच डिवाईडरों पर पौधरोपण अब भी किया जाता है, लेकिन ये पौधे कम ऊंचाई वाले व ज्यादातर फूलों वाले होते हैं। अब ऐसे पौधों का चयन किया जा रहा है, जो औषधीय होने के साथ ही अधिक ऊंचाई वाले हों, ताकि उनसे ऑक्सीजन, छाया व औषधीय गुणों का लाभ भी प्राप्त किया जा सके।

### दिल्ली में लिया गया है निर्णय

राष्ट्रीय राजमार्गों में नीम, महुआ व शीशम जैसे औषधीय पौधे लगाने संबंधी निर्णय एनएचएआई मुख्यालय दिल्ली से लिया गया है। इसकी शुरूआत इसी सत्र से की जाएगी। अब तक राष्ट्रीय राजमार्गों में फूलों वाले कम हाईट के पौधे लगाए जाते रहे हैं। अब हवादार, छायादार व औषधीय प्रजाति के पौधे रोपने की नई पहल की जा रही है।

**-चंद्रेश चौधरी**, मीडिया ऑफिसर एनएचएआई

## शनिचरी बाजार की 8 दुकानों से 70 किलो प्रतिबंधित प्लॉस्टिक जब्त, 4500 का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए शनिचरी बाजार में सघन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं भंडारण करते पाए जाने पर कुल 8 दुकानों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

जांच के दौरान दुकानों से बड़ी मात्रा 70 किलो प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री जब्त की गई। साथ ही संबंधित दुकानदारों पर नगर निगम ने 4500 रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। भविष्य में प्लॉस्टिक के विक्रय करते पाए जाने पर भारी भरकम जुर्माने की भी चेतावनी दी गई है।

निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण एवं जनस्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। इसके उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है, नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध निगम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने व्यापारियों एवं नागरिकों से कपड़े, जूट अथवा अन्य पर्यावरण अनुकूल विकल्पों का उपयोग करने तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग से बचने की अपील की है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक का विक्रय अथवा भंडारण करने वालों के विरुद्ध आगे भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## रेलवे स्टेशन में बंद हो गया यात्रियों का फ्री में इलाज, अब देना होगा रुपए



**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर के प्लेटफार्म नम्बर एक पर घायल और बीमार यात्रियों के लिए अरपा मेडिसिटी खोला गया है, लेकिन इस मेडिसिटी हास्पिटल में यात्रियों के लिए कोई भी फ्री में उपचार की सुविधा नहीं है। उपचार तो दूर एंबुलेंस की सुविधा लेने के लिए भी यात्रियों को पहले 500 रुपए जमा करना पड़ता है, जिसके बाद ही उन्हें दूसरे हास्पिटल तक जाने गाड़ी उपलब्ध हो पाती है।

- **प्लेटफार्म वन पर ओपन हुई अरपा मेडिसिटी, लगता है उपचार का 100 रुपए**

ट्रेन में प्रतिदिन हजारों, लाखों की संख्या में यात्री सफर करते हैं। इन यात्रियों में कई यात्री बीमार भी होते हैं। कभी-कभी किसी बात को लेकर चलती ट्रेन में आपसी विवाद और मारपीट की स्थिति निर्मित हो जाती है, जिसकी वजह से यात्री गंभीर रुपए से घायल हो जाते हैं। ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों के लिए रेल प्रशासन ने खान-पान से लेकर दूसरी अन्य सुविधाएं तो उपलब्ध कराई है, लेकिन अब तक चलती ट्रेन में उपचार करने के लिए कोई भी डॉक्टर की सुविधा नहीं दी गई है। वर्तमान में रेलवे का ऐसा नियम है कि ट्रेन में सफर करने वाले किसी यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ जाए तो इसकी रिपोर्ट संबंधित टीटीई के माध्यम से कंट्रोल रूम को दी जाए, जिसके उपरांत संबंधित स्टेशन में ट्रेन स्टापेज होते ही डॉक्टर की सुविधा यात्रियों को उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही ट्रेन में डॉक्टर को छूट भी दी जानी है, जिसकी छूट काफी कम होने के कारण कोई भी डॉक्टर अपने संबंध में रेलवे आरक्षण कार्यालय में फार्म भरने के दौरान जानकारी उपलब्ध नहीं कराते हैं।

### दिया गया है ठेके पर

स्टेशन पर अरपा मेडिसिटी को ठेके पर दिया गया है, जिसका लायसेंस फीस वह रेलवे को देता है। वहां रेलवे के नियमानुसार ही पूरा कार्य किया जाना है, जिसके तहत यात्री का उपचार करने के लिए 100 रुपए और मेडिसीन के एमआरपी रेट के अनुसार उन्हें देना होगा। जो भी नामिनल चार्ज है उसे देकर यात्री सुविधा ले सकते हैं।

**-अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर




बिलासपुर जोनल स्टेशन में अब तक चल रहा निर्माण कार्य

## नए भवन में शिफ्ट हुआ उसलापुर स्टेशन का पार्सल कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन का पुराना पार्सल कार्यालय नए भवन में ट्रांसफर हो गया है। वहीं बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में बने पार्सल कार्यालय की शिफ्टिंग के लिए नए भवन का कार्य वर्तमान में निर्माणाधीन है, जिसे स्टेशन डेवलपमेंट के साथ पूरा करने का निर्णय लिया गया है।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन को 392 करोड़ रुपए की लागत से एयरपोर्ट की तरह डेवलप करने का काम किया जा रहा है। वहीं जोनल स्टेशन में काम के दबाव को कम करने के लिए उसलापुर रेलवे स्टेशन भी काफी विकसित हो गया है। आदर्श स्टेशन उसलापुर में गोंदिया, रायपुर, दुर्ग से कटनी, उत्तर भारत की ओर जाने वाली गाड़ियां भी लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिसमें यात्रियों की संख्या भी पिछले चार से पांच वर्ष की तुलना में अधिक हो चुकी है। एक्सप्रेस



और सुपरफास्ट ट्रेनों के उसलापुर से चलने के कारण अब व्यापारी वर्ग भी जोनल स्टेशन से अधिक रूचि आदर्श स्टेशन में दिखाने लगे हैं। रेलवे लंबी दूरी की ट्रेनों में सामानों की लोडिंग और अनलोडिंग के लिए एक अलग कोच एसएलआर की सुविधा भी देती है, जिसमें व्यापारियों के अलावा यात्री भी सामानों को भेजने का कार्य करते हैं। इसके लिए बिलासपुर स्टेशन के साथ उसलापुर स्टेशन में भी पार्सल कार्यालय बनाया गया था। उसलापुर का पार्सल कार्यालय पूर्व में प्लेटफार्म नम्बर एक यानि मुख्य गेट के दहिने ओर टीटीई रूम में संचालित हो रहा था, जिसके कारण काफी दिक्कतें हो रही थी। एक छोटे से रूम में पार्सल और कामर्शियल विभाग यानि टीटीई के काम के कारण जगह भी नहीं मिल पा रही थी। इसे देखते हुए आरपीएफ पोस्ट के पास एक नया भवन शुरु कराया गया। इसके पूरा होने के बाद अब छोटे से रूम में संचालित होने वाला पार्सल कार्यालय नए स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया है।

### नए भवन में शिफ्ट

उसलापुर स्टेशन का पार्सल कार्यालय पहले छोटे से रूम में संचालित किया जा रहा था। इसे नए भवन में शिफ्ट करने के बाद सभी को सुविधा मिलेगी। वहीं बिलासपुर स्टेशन में भवन निर्माण का कार्य किया जा रहा है, जिसके पूरा होने के बाद स्टेशन के अंदर संचालित होने वाला पार्सल कार्यालय भी शिफ्ट हो जाएगा।

**-अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### भालू के हमले से महिला घायल, इलाज जारी

**भर्रीडांड़।** मरवाही वन मंडल के गुलीडांड़ परी क्षेत्र में भालू के हमले से एक महिला घायल हो गई। महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। घटना शुक्रवार की सुबह लगभग 5 बजे की है। ग्रामीणों के अनुसार चिल्हन ग्राम पंचायत गुल्लीडांड थाना मरवाही निवासी महिला रामवती पिता राय सिंह उम्र 55 वर्ष सुबह मार्निंग वाक के लिए गई थी, तभी अचानक भालू से उनका सामना हो गया और भालू ने उस पर हमला कर दिया। हमले में महिला को पेट, छाती और सिर पर गंभीर चोटें आई जिसकी सूचना आपातकालीन डायल 108 को दी गई। आपातकालीन ड्यूटी पर तैनात स्टाफ ईएमटी गणेश्वर प्रसाद पायलट भूपत सिंह ने महिला को प्राथमिक उपचार प्रदान करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरवाही में भर्ती कराया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उक्त महिला का इलाज जारी है।



### जेएमपी को दिया गया वाटर कूलर, बच्चों को मिलेगा ठंडा पानी




**तखतपुर।** शासकीय जेएमपी महाविद्यालय में समाजसेवी काशीराम अग्रवाल ने वाटर कूलर प्रदान किया। महाविद्यालय के परिसर में आयोजित कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ मीना शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि अनीता अग्रवाल एवं ममता अग्रवाल ने वाटर कूलर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर विनोद कुमार दुबे ने कहा कि वाटर कूलर स्थापित होने से गर्मी के मौसम में छात्रों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल मिलेगा जन सहयोग से महाविद्यालय के विकास की नगर में पुरानी परंपरा रही है महाविद्यालय जिस भूमि पर बना है वह भी स्व. जनक लाल मोतीलाल पांडे द्वारा दान में दी गई है। काशी अग्रवाल द्वारा प्रदत्त वाटर कूलर के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन डॉक्टर राजीव शर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### पुरुषोत्तम मास आत्मा को भगवान से जोड़ने का दिव्य अवसर: शर्मा



**सीपत।** जिले के सीपत अंचल से श्रद्धालुओं के साथ हरिद्वार पहुंचे भगवताचार्य पंडित दीपक शर्मा के सानिध्य में 5 से 12 जून तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ का शुभारंभ गंगा पूजन एवं कलश यात्रा के साथ हुआ। भगवताचार्य पंडित दीपक शर्मा ने कथा के प्रथम दिवस श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि पुरुषोत्तम मास कोई सामान्य मास नहीं, बल्कि भगवान श्रीहरि की विशेष कृपा प्राप्त करने का दिव्य अवसर है। इस माह में किया गया जप, तप, दान, सेवा और भगवत स्मरण अनंत गुना फलदायी होता है। श्रीमद्भागवत कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मनुष्य को भक्ति, संस्कार और आत्मिक शांति की ओर ले जाने वाला जीवन दर्शन है। हरिद्वार की पावन धरा और मां गंगा के सानिध्य में कथा श्रवण करना स्वयं भगवान की विशेष कृपा का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि जब समाज के लोग एक साथ भगवान के नाम का स्मरण करते हैं, तो केवल व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरा समाज सकारात्मक ऊर्जा से भर उठता है। पुरुषोत्तम मास में भगवान श्रीकृष्ण और श्रीहरि की भक्ति मनुष्य के जीवन को नई दिशा देती है। आयोजन के सफल संचालन एवं व्यवस्थाओं के लिए कौशल किशोर गुप्ता के नेतृत्व में एक विशेष व्यवस्था समिति गठित की गई है, जो श्रद्धालुओं की सेवा और कार्यक्रम के सुचारु संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**लोरमी।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर घर में घुसकर भगाने का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी सुंदरलाल गोरले से के अनुसार प्रार्थी की नाबालिग पुत्री को गांव का आशीष सोनवानी 3 जून की रात्रि 2 बजे घर में घुसकर भगा ले जाने का प्रयास कर रहा था कि इसी दौरान आलमारी के खुलने की आवाज को सुनकर घरवालो के जग जाने से आशीष सोनवानी घर के अंदर से निकलकर भाग गया। नाबालिग ने बताया कि लोरमी में पढ़ाई के दौरान उसकी इच्छा के विरुद्ध दुष्कर्म किया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी आशीष सोनवानी पिता धनपत सोनवानी उम्र 18 वर्ष 7 माह निवासी ग्राम परसाकापा को उसके घर से अभिरक्षा में लेकर थाना लाकर पूछताछ की तो उसने जुर्म करना स्वीकार किया।

## बेलतरा विधानसभा में विकास का नया कीर्तिमान

# बेलतरा विधानसभा में विकास कार्यों की श्रृंखला निरंतर जारी रहेगी: सुशांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेलतरा

- 7 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन
- जन आकांक्षाओं को मिला आकार, बेलतरा में विकास कार्यों की नई शुरुआत

बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में विकास को नई गति प्रदान करते हुए नगर पालिक निगम बिलासपुर के जोन क्रमांक-7 अंतर्गत विभिन्न वार्डों में 7 करोड़ 1 लाख 34 हजार रुपये की लागत से स्वीकृत विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दयानंद सेवा धाम भवन, अशोक नगर में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजेश सूर्यवंशी, नगर निगम के एमआईसी सदस्य, पार्षद, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि बेलतरा विधानसभा के प्रत्येक क्षेत्र तक विकास की रोशनी पहुंचाना उनका संकल्प है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री तथा अरुण साव के नेतृत्व में राज्य सरकार जनकल्याण एवं अधोसंरचना विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इसी कड़ी में आज विभिन्न वार्डों में सड़क, नाली, सामुदायिक भवन, मंच निर्माण तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने कहा कि विकास केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह क्षेत्रवासियों के जीवन को अधिक सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने का माध्यम है। लंबे समय से लंबित जन अपेक्षाओं को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है तथा आने वाले समय में भी बेलतरा विधानसभा में विकास कार्यों की यह श्रृंखला निरंतर जारी रहेगी। विधायक श्री शुक्ला ने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और उसी विश्वास के बल पर वे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सतत कार्य कर रहे हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी स्वीकृत कार्यों को गुणवत्ता एवं समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। भूमिपूजन कार्यक्रम के अंतर्गत नगर निगम जोन क्रमांक-07 के विभिन्न वार्डों में सीसी रोड निर्माण, आरसीसी नाली निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, मंच निर्माण, पेवर ब्लॉक निर्माण, मरम्मत एवं अन्य आधारभूत संरचना संबंधी कार्यों का शुभारंभ किया गया। इन कार्यों के पूर्ण होने से हजारों नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होंगी तथा क्षेत्र के अधोसंरचनात्मक विकास को नई मजबूती मिलेगी।



**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर जिला महामंत्री जनक देवांगन, विजयधर दीवान, नगर निगम एमआईसी सदस्य बधू मौर्य, तिलक साहू, रेखा पांडेय एवं रुपाली गुप्ता, जोन अध्यक्ष रेखा सूर्यवंशी, पार्षद ममता अमित मिश्रा, मनोरमा यादव, रानी देवांगन, जय वाधवानी, रमेश पटेल, कमला पटेल, प्रितेश सोनी एवं हेमंत मरकाम, मंडल अध्यक्ष मोनू रत्नाकर श्रीवास, पवन हरिओम कश्यप, शैलेष गोरख, कमल पटेल, त्रिदेव रजक, सीता सिंह, पुरुषोत्तम पटेल, ओमप्रकाश पांडेय, अनिल गुप्ता, पेशीराम जायसवाल, राजेंद्र अग्रहरि, अंकिता शुक्ला, सोनम ध्रुव, अणिमा, किरण सिंह, रिंकू सिंह, राजेश तिवारी, वैभव, संतोष दास सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### वार्डवार स्वीकृत विकास कार्य

- वार्ड क्रमांक 48 – 91.95 लाख
  आरसीसी नाली निर्माण सीसी रोड निर्माण
  गुलाब नगर में सीसी रोड निर्माण रॉयल टाउन में सीसी रोड एवं नाली निर्माण विभिन्न गलियों में सीसी रोड निर्माण कार्य
- वार्ड क्रमांक 49 – 21.40 लाख
  संतोष यादव के घर से गंधर्व के घर तक सीसी रोड देहानपारा क्षेत्र में सीसी रोड एवं नाली निर्माण
- वार्ड क्रमांक 50 – 30.66 लाख
  राशन दुकान एवं गोदाम मरम्मत कार्य
  सांस्कृतिक भवन में शेड एवं पेवर ब्लॉक निर्माण ओम विहार में सीसी रोड निर्माण
- वार्ड क्रमांक 51 – 92.83 लाख
  शिवम सिटी में सीसी रोड निर्माण विभिन्न क्षेत्रों में नाली निर्माण राजकिशोर नगर में ओपन जिम एवं गार्डन विकास चंदन आवास एवं तुलसी आवास में नाली निर्माण कार्य
- वार्ड क्रमांक 52 – 56.06 लाख
  श्याम नगर लिंगियाडीह मानसी गेस्ट हाउस के पास वेंडिंग जोन दयालबंद क्षेत्र में सीसी रोड निर्माण शिव मंदिर मार्ग में सीसी रोड ठाकुर देव प्रांगण में मंच शेड एवं बाउंड्रीवाल निर्माण
- वार्ड क्रमांक 53 – 68.73 लाख
  विभिन्न स्थानों पर आरसीसी नाली निर्माण
  मुख्य मार्गों में नाली निर्माण पाइपलाइन विस्तार एवं मरम्मत कार्य
- वार्ड क्रमांक 54 – 101.67 लाख
  विभिन्न गलियों में आरसीसी नाली निर्माण
  मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण तालाब में पचरी निर्माण कबड्डी मैदान में बाउंड्रीवाल, मंच शेड, अतिरिक्त कक्ष, शौचालय एवं प्रवेश द्वार निर्माण
- वार्ड क्रमांक 55 – 74.97 लाख
  सीसी रोड एवं नाली निर्माण
  न्यू मॉडर्न स्कूल के पास आरसीसी नाली
  अशोक विहार एवं अन्य क्षेत्रों में सड़क एवं नाली कार्य विभिन्न स्थानों पर मरम्मत कार्य
- वार्ड क्रमांक 56 – 70.91 लाख
  किसानपारा क्षेत्र में आरसीसी नाली एवं सीसी रोड निर्माण
  ठाकुर देव मंदिर से साइंस कॉलेज तक सड़क मरम्मत रामायण चौक मार्ग मरम्मत
  पठानपारा में सीसी रोड निर्माण
- वार्ड क्रमांक 57 – 4.94 लाख
  रुद्र विहार में सीसी रोड निर्माण
- वार्ड क्रमांक 58 – 93.63 लाख
  विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड निर्माण
  नाली निर्माण कार्य सिद्धि विहार एवं शर्मा विहार में सड़क निर्माण सार्वजनिक विद्यालय क्षेत्र में सड़क निर्माण

## किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**मुंगेली।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला किसान कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट का घेराव कर प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को 9 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने खाद–बीज संकट, डीजल की उपलब्धता, कृषि बिजली दरों में वृद्धि, धान भुगतान और लंबित अनुदानों सहित कई मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। किसान कांग्रेस ने ज्ञापन में कहा कि खरीफ सीजन की शुरुआत में ही किसानों को खाद के लिए लंबी कतारों में लगना पड़ रहा है। पर्याप्त मात्र में डीएपी खाद उपलब्ध नहीं होने से खेती–किसानी प्रभावित हो रही है। कार्यक्रम में प्रदेश किसान कांग्रेस के संगठन प्रभारी अखिल हुसैन, जिला प्रभारी नीरज सोनी, चंद्रभान बारमते, चुरावन मंगेशकर, श्याम जायसवाल, रामप्रकाश यादव, दीपक गुप्ता, जित्तू आनंद सोनी, काकू पठान, आरिफ खोखर, राजेश छेदैया, लक्ष्मीकांत भास्कर, जलेश यादव जावेद खान कौशल सिंह क्षत्रिय, इन्द्रजीत कुर्रे भूपेंद्र साहू, जीवन बंजारा, शोभा कश्यप, रमेश कश्यप, संतोष जायसवाल, मंजू शर्मा, बिंदु यादव, नामदेव बंजारा, नीरज यादव, योगेश्वर, निखिल, मुकेश, विष्णु खांडे सहित बड़ी संख्या में किसान एवं किसान कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 5वीं और 8वीं के छात्रों को अब तक नहीं मिली अंकसूची

**मुंगेली।** राज्य में 5वीं और 8वीं कक्षा के लगभग 85 हजार विद्यार्थियों के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं। अमूमन अप्रैल के महीने में मिल जाने वाली अंकसूची जून का महीना शुरू होने के बाद भी छात्रों तक नहीं पहुंच पाई है। स्कूल खुलने का समय नजदीक आ रहा है, लेकिन अंकसूची न मिलने से छात्र और अभिभावक दोनों ही बेहद चिंतित हैं।

गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा 5वीं और 8वीं की परीक्षाओं को पुनः बोर्ड पैटर्न पर आयोजित किया जा रहा है। इस व्यवस्था के तहत अब अंकसूचियों का मुद्रण और वितरण स्थानीय या जिला स्तर पर न होकर, सीधे राज्य मुख्यालय राज्य शिक्षा केंद्र बोर्ड से किया जाता है। अधिकारियों के मुताबिक, राज्य स्तर से ही सभी जिलों के लिए सेंट्रलाइज्ड तरीके से अंकसूचियां तैयार कर भेजी जानी हैं। इसी केंद्रीयकृत व्यवस्था में हो रही देरी के कारण प्रदेश भर के हजारों बच्चों की अंकसूची अब तक अप्राप्त है। अंकसूची मिलने में हो रहे इस विलंब ने अभिभावकों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। कई अभिभावकों को अपने बच्चों का दाखिला दूसरे स्कूलों में कराना है, जिसके लिए मूल अंकसूची की सख्त जरूरत है अप्रैल बीत गया, मई भी निकल गया और अब जून आ गया है। स्कूल वाले कह रहे हैं कि ऊपर से ही मार्कशीट नहीं आई है। समझ नहीं आ रहा कि बिना मार्कशीट के अगली कक्षा में एडमिशन की प्रक्रिया कैसे पूरी होगी।



### स्कूलों का चक्कर काट रहे पालक

पालक अंकसूची के लिये स्कूलों का चक्कर काट रहे है। फिलहाल स्कूलों ने छात्रों को इंटरनेट से डाउनलोड की गई अंकसूची की प्रतियों के आधार पर अगली कक्षाओं में अस्थायी प्रवेश तो दे दिया है, लेकिन टीसी काटने और अंतिम दाखिले के लिए मूल अंकसूची का होना अनिवार्य है।

## प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण हुई

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

प्राथमिक शिक्षा में डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आयोजित इस परीक्षा के लिए जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थीं, जिले में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां 2357 परीक्षार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और परीक्षा दी एवं 600 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। डॉ. जेपी मिश्रा शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में 282 उपस्थित रहे एवं 78 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शासकीय एसएनजी महाविद्यालय में 294 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 66 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बीआरसाव शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल में 288 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 72 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल करही में 230 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 70 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी स्कूल दाऊपारा में 306 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 54 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शासकीय नगर पालिका हायर सेकण्डरी स्कूल में 185 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 55 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शासकीय कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल में 273 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 87 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शासकीय कन्या महाविद्यालय करही में 93 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 27 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल टेमरी में 247 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 53 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सुखनंदन महाविद्यालय में 159 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 38 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## नहीं चला कांग्रेस का जादू उपचुनाव में भाजपा का कब्जा



**सरगांव।** नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक सात में हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी पूजा कमल कौशिक ने शानदार जीत दर्ज करते हुए वार्ड में कब्जा बरकरार रखा है। मतगणना पूर्ण होने के बाद भाजपा समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। श्रीमती कौशिक की जीत पर धरमलाल कौशिक ने कहा कि यह जीत पिछले बार भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी द्वारा जीत दर्ज जीत से जीत का अंतर ज्यादा है। जो कह रहे थे कि लोगों में भारतीय जनता पार्टी से नराजगी है उनके मुंह पर तमाचा है। हमें आशीर्वाद मिला है विश्वास और विकास से। उपचुनाव पूर्व पार्षद राजकुमारी कौशिक उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित होने के बाद स्वास्थ्य गत कारणों से निधन हो गया था, जिसके बाद रिक्त हुए पद के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कराया गया। भाजपा ने स्व. राजकुमारी कौशिक की बहू पूजा कमल कौशिक को चुनाव मैदान में उतारा। वहीं कांग्रेस ने पूर्व प्रत्याशी मालती दुखहरण यादव को प्रत्याशी बनाया। पूजा कौशिक को 209 मत प्राप्त हुए व कांग्रेस प्रत्याशी मालती यादव को 117 व 2 मत नोटा को पड़े। जिसमें से 92 मतों से भाजपा प्रत्याशी ने जीत दर्ज की। तहसीलदार अतुल वैष्णव ने निर्वाचन प्रमाण पत्र जारी कर निर्वाचित घोषित किया।

## किसान के पैरावट में लगी आग चार घण्टे बाद पहुंची फायर बिग्रेड

**लोरमी।** ग्राम तेलियापुरान में किसान के 10 एकड़ पैरावट में अज्ञात कारणों से आग लगने से हड़कम्प मच गया। ग्रामीणों ने 112 में सूचना देकर अग्नि शमन वाहन को बुलाया। 5 घण्टे बाद वाहन पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम तेलियापुरान में गुरुवार को सुबह 8:00 बजे किसान राजेंद्र कश्यप पिता रामस्वरूप कश्यप निवासी ग्राम तेलियापुरान के पैरावट में अचानक आग लग गई जिसमें लगभग 10 एकड़ के धान की फसल का पैरा चपेट में आ गया। ग्रामीण ने बताया कि तत्काल उन्होंने डायल 112 में सूचना देकर अवगत कराया। इस दौरान आस पड़ोस से ग्रामीणों ने आग बुझाते रहे। दोपहर 1 बजे अग्निशमन वाहन पहुंचने के बाद काबू पाया गया। क्षेत्रीय जनपद सदस्य विद्यानंद चंद्राकर ने बताया कि किसान को आर्थिक क्षति हुई है। सरकार तत्काल मुआवजा राशि प्रदान कर मदद करे।



### पेटी से 25 हजार का माल पार

**तखतपुर।** बंद घर एवं दुकान की पेटी से अज्ञात चोर ने 25 हजार रुपए का माल पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार टिहुलाडिह निवासी राजेन्द्र गेंदले 30 मई को सुबह 8 बजे अपने दुकान में ताला लगाकर पुराने घर में चला गया था। 2 जून को सुबह 8 बजे दुकान गया तो देखा कि दुकान अंदर समान बिखरा पडा था। पेटी के अंदर में रखे सोने का लाकेट तीन मासा का तीन नग, कीमती 5 हजार हजार चांदी का पैरी 500 ग्राम, एक जोडी 10 हजार हजार व नकदी रकम 10 हजार रूपये सहित लगभग 25 हजार रूपये को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 305ए, 331,4 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**ईश्तहार**
**सीमांकन / मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र**

मेरे आसामी श्री मनहरण कौशिक, पिता स्व. गोकुल कौशिक, निवासी ग्राम देवरीखुर्द, रा.नि.मं.- जरौंधा, तहसील- तखतपुर, जिला-बिलासपुर, के बताए अनुसार समीपी भू-स्वामी-
1. विश्राम कौशिक पिता अघोरी 2. मनेन्द्र तिवारी पिता होरीलाल 3. उमाकांत तिवारी पिता मुरली मनोहर एवं अन्य 4. शिवराम पिता चैनसिंह 5. आमिन पटवारी नहर 6. अन्य हितबद्ध सरहदी भूस्वामी

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक- मनहरण कौशिक, पिता स्व. गोकुल कौशिक, जाति-कुर्मी, निवासी- ग्राम-देवरीखुर्द, रा.नि.मं.- जरौंधा, तहसील-तखतपुर, जिला- बिलासपुर,द्वारा आवेदित भूमि- ग्राम देवरीखुर्द, प.ह.नं. 23, रा.नि.मं. जरौंधा, तहसील- तखतपुर, जिला- बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि, खसरा नंबर- 201/1 रकबा 1.1820 हेक्टर, के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर सीमांकन किए जाने हेतु न्यायालय तहसीलदार- तखतपुर में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच / नक्शा बटांकन दिनांक - 09.06.2026 को 11.00 से 05.00 बजे के बीच किया जाना है अत: आप उक्त समय पर अपने समस्त कागजात के साथ मौके पर उपस्थित रहे।

उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

टीप:- उपरोक्त सीमांकन / मौका जांच का अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

**अमित कुमार साहू**
**अधिवक्ता उच्च न्यायालय छत्तीसगढ मुन्नुलाल स्कूल के सामने, गोंडपारा, जिला - बिलासपुर (छ.ग.) मो. नं. 8109719905, 9827178248**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार अन्नपूर्ण उपाध्याय पति श्री उमेश उपाध्याय निवासी शंकर नगर बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा अधिकृत एवं प्राप्त निर्देशानुसार इस आशय का आम सूचना प्रकाशित कराता हूं कि मौजा मोपका प.ह.न. 29 रा.नि.म. मोपका विकासखण्ड बिल्हा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 1053/128 में से रकबा 1200 वर्गफुट भूमि सोनू पिता स्व. रामफल वर्मा निवासी मोपका बिलासपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि है तथा संपूर्ण प्रपत्र में सोनू के नाम पर दर्ज है। जिसे क्रय करने का पक्का सौदा मेरे पक्षकार द्वारा करते हुए बतौर एडवांस राशि विक्रेता को प्रदान कर दिया गया है तथा बाकि राशि रजिस्ट्री के समय प्रदान किया जायेगा। उक्त भूमि की रजिस्ट्री क्रेता अपने पक्ष में आज दिनांक से 15 दिवस के अंदर करा लें।

यदि उक्त भूमि के क्रय विक्रय से किसी भी व्यक्ति/संस्थान, बैंक समिति फायनेंस कंपनी ब्रोकर बिल्डर आदि को किसी प्रकार की कोई दावा आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाश के 07 दिवस के भीतर मय मूल दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर सकते है समयावधि पश्चात की जाने वाली दावा आपत्ति अमान्य होगी।
सो सूचना जाने।
स्थान: बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक 05/06/2026

भवदीय
मदनलाल यादव अधिवक्ता
पता मकान नं. एल आई जी 212 हाउसिंग बोर्ड कालोनी परसदा सकरी बिलासपुर
मो. 9907925514, 8516802947

**नाम परिवर्तन**
**समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर छ.ग. // शपथ पत्र //**

मै रमेश कुमार द्विवेदी उम्र 61 वर्ष पिता सरयूप्रसाद द्विवेदी निवासी- ए-35 2री बटालियन, सकरी पो. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) की हूँ जो निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ।

1/ यह कि मेरी पत्नि दुर्गा द्विवेदी कें आधार कार्ड नं 6199 7370 1280 एवं पैन नं. JZLPD6656J मे मेरी पत्नि का नाम दुर्गा द्विवेदी (DURGA DWIVEDI) लिखा व दर्ज है जबकि मेरे सेवा पुस्तिका मे मेरी पत्नि का दुर्गा देवी (DURGA DEVI) लिखा व दर्ज हो गया है

2/ यह कि मेरी सेवा पुस्तिका मे मेरी पत्नि का नाम दुर्गा देवी (DURGA DEVI) के स्थान पर दुर्गा द्विवेदी (DURGA DWIVEDI) लिखा व दर्ज किया जावे। एवं उक्त नाम को मेरी सेवा पुस्तिका मे सुधार कर अंकित किया जावे।

3/ यह कि मेरी पत्नि का सही नाम दुर्गा द्विवेदी (DURGA DWIVEDI) है जिसे सही जाना जाए व पहचाना जाए।

4/ यह शपथ पत्र उपरोक्त कथनो के के समर्थन मे निष्पादित कर रहा हूँ।

**रमेश कुमार द्विवेदी**
**शपथकर्ता**

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
//ईश्तहार//
(समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु)
रा.प्र.क्र.......................ब-121/2026
क्रमांक/533/वाचक/तह./2026
लालपुर थाना दिनांक 05/06/26

सर्वसाधारण/आम जनता ग्राम पीपरखुंटा को सूचित किया जाता है कि आवेदक भानमति पति/पिता श्री भाऊराम जाति सत. साकिन पीपरखुंटा तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/माता/पुत्री/पुत्र/दादा/दादी/भाई/बहन स्वयं भानमति आ. श्री भाऊराम के जन्म दिनांक 01/01/1990 ग्राम पीपरखुंटा को हो जाने के कारण जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 12.06.26 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05/06/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**लालपुर थाना, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना पत्र**

क्र//क/वा./तह./2026 दिनांक 05.06.2026
प्रति, 01. गिरौदधाम मनहर पिता धनाराम
02. उषा कोशले पिता धनाराम
03. पुत्रा कुमारी मनहर पति धनाराम
04. सोनिया खुंटे पिता तुकाराम
05. चंदरबाई पति तुकाराम सभी जाति सतनामी निवासी ग्राम केंवाछी तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.)..... अनावेदकगण

एतद् द्वारा अनावेदकगणों को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण तुलाराम पिता बिसराम जाति सतनामी निवासी ग्राम केंवाछी द्वारा ग्राम केंवाछी प.ह.नं. 16 तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 30/1, 252/1, 367, 50, 88/1 क रकबा क्रमशः 0.2430, 0.2190, 0.4540, 0.0810, 0.0040 हे. आवेदक एवं अनावेदकगण गिरौदधाम मनहर पिता धनाराम वगैरह के नाम पर शामिलात खाता में दर्ज होकर स्थित है। आवेदक 1/3 अनुसार खाता विभाजन हेतु आवेदन न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त प्रकरण में आप सभी पक्षकार होने से आपकी उपस्थिति न्यायालय में अनिवार्य है।

अतः आप दिनांक 15.06.2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, अनुपस्थिति की स्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

तहसीलदार
बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

मौजा जूना बिलासपुर प.ह.न. 22 रा.नि.मं. तहसील व जिला बिलासपुर नगर पालिक निगम बिलासपुर सीमा अंर्तगत निराला नगर में स्थित भूमि खसरा नं. 566/1 में से रकबा 0.50 एकड़ भूमि जो वर्तमान में अशोक अग्रवाल पिता स्व. नंदकिशोर अग्रवाल, निशांत खंडेलवाल पिता श्री अनिल खंडेलवाल एवं राम खेड़िया पिता स्व. पुरूषोत्तमदास खेड़िया के नाम पर राजस्व अभिलेखो में दर्ज है एवं वर्णित व्यक्तियों कि एकमात्र स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपति है। इस वर्णित संपति के भाग पर वर्तमान में गणेश टाईल्स के नाम से अवैधानिक रूप से दुकान संचालित की जा रही है उक्त संपति के संबंध में सभी प्रकार के विवादो का निराकरण विभिन्न सिविल एवं राजस्व न्यायालयों द्वारा भूमि स्वमियों के पक्ष में हो चुका है एवं वर्णित गणेश टाईल्स के संचालक को दुकान का रिक्त आधिपत्य प्रदान करने हेतु बेदखली की कार्यवाही भी प्रारंभ की जा चुकी है। कतिपय तथाकथित व्यक्तियों के द्वारा वर्णित गणेश टाईल्स की दुकान सहित वर्णित खसरा नंबर की भूमि को असत्य रूप से अपना होना बताकर विक्रय हेतु अनुबंध किये जाने का अवैधानिक एवं अनुचित प्रयास किया जा रहा हैं। अत: इस आम सूचना के माध्यम से प्रत्येक आमो-खास को सूचित किया जाता है कि वर्णित संपति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय या अन्य कोई संव्यवहार न करें। यदि ऐसा किया जाता है तो उसके उत्तदायी स्वयं वर्णित व्यक्ति होवेंगे। सो सूचना जाने।
दिनांक 5.6.2026

**भवदीय**
**अशोक अग्रवाल**
**पिता स्व. नंद किशोर अग्रवाल**

**कार्यालय कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक / 284 अति. कले. वाचक 2026
गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही दिनांक 12.05 2026

आवेदक राजीव विश्वकर्मा पिता दिनेश विश्वकर्मा उम्र 23 वर्ष, निवासी बिरसिंगपुर पाली, तहसील- पाली, जिला-उमरिया (म.प्र.)

एवं

आवेदिका चांदनी मार्को पिता गोविन्द सिंह मार्को, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम-मनौरा, तहसील-मरवाही, जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-05 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति / दावा इस कार्यालय में दिनांक 12/06/26 को प्रात: 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।

**अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी**
**जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**


राजीव विश्वकर्मा


चांदनी मार्को

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

बिलासपुर, शनिवार 6 जून 2026

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



बिलासपुर। विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को शहर में अनेक जगह कार्यक्रम हुए। स्कूल, कॉलेज और शहर की सामाजिक संस्थाओं ने पौधे लगाए और इसे बड़ा होते तक सहेजने का संकल्प लिया। बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक का उपयोग बंद करने का संदेश दिया। शहर में विभिन्न जगह कार्यक्रम हुआ। साथ ही वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण सरंक्षण ही इस धरा का संवर्धन है। पौधे ही हमारी पृथ्वी और वातावरण को संतुलित करके रखे हैं। इसे हमें बचाना होगा, ही तभी हम और आने वाली पीढ़ियां अच्छे से रह पाएंगे। नहीं तो पर्यावरण के प्रभावित होने से हम और हमारा भविष्य दोंनों ही असुरक्षित रहेगा। इसलिए हमें विश्व पर्यावरण दिवस पर संकल्प लेना चाहिए कि हमें एक दिन में जितने आक्सीजन की जरूरत है, उतने पौधा लगाएं। जो पौधे रोपे गए, उन्हें सुरक्षित रखकर बड़ा करें। लोगों को भी पौधा लगाने प्रेरित करें।

# पर्यावरण का संरक्षण ही भविष्य का संवर्धन होगा, जन-जन ने दिया संदेश





## एसईसीएल में एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधरोपण

एसईसीएल मुख्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस उत्साह, जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति एसईसीएल की प्रतिबद्धता को विभिन्न गतिविधियों द्वारा प्रदर्शित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन द्वारा पर्यावरण ध्वज फहराकर किया गया। इस अवसर पर निदेशक एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक बिरंची दास, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, निदेशक रमेश चन्द्र महापात्र, श्रद्धा महिला मण्डल अध्यक्षा शशि दुहन, उपाध्यक्षागण अनीता फ्रैंकलिन, इप्सिता दास, विनिता जैन एवं शुभश्री महापात्र सहित विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन के नेतृत्व में सभी निदेशगण एवं सीवीओ तथा श्रद्धा महिला मण्डल अध्यक्षा, उपाध्यक्षागण , सदस्याएं ,एवं विभिन्न विभागाध्यक्षगण ,नेहरु सताब्दी नगर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत विभिन्न फलदार एवं औषधि युक्त पोधो का पौधरोपण किया गया।इस अवसर पर उपस्थित सभी जनों ने हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण हेतु अपना संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के दौरान एसईसीएल की वार्षिक पर्यावरण पत्रिका पर्यावरण दर्पण का विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। साथ ही एसईसीएल की पर्यावरणीय पहलों, हरित परियोजनाओं एवं सतत खनन प्रथाओं पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।



## उद्योग संघ ने किया पौधरोपण

जिला उद्योग संघ द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर ओक्सीजोन क्षेत्र में पौधरोपण किया गया। ज्ञात हो की सीएसआईडीसी के द्वारा 25 एकड़ हरित भूमि उद्योग संघ को वर्ष 2008 में आवंटित किया गया था,उस पुरे हरित छेत्र को उद्योग संघ के वरिष्ट उपाध्यक्ष नवनीत अग्रवाल द्वारा 20 हज़ार से ज्यादा वृक्ष लगाकर ऑक्सीजोन में परिवर्तित किया गया है। वहां 20 से 25 फूट ऊँचे नीम करंज पीपल बरगद इत्यादि वृक्षारोपण के वृक्ष है।आयोजित कार्यक्रम में विधायक धरम लाल कौशिक,विशिष्ट अतिथि डॉ देवेन्द्र कौशिक,कार्यक्रम अध्यक्ष हरीश केडिया थे। शरद सक्सेना ने कार्यक्रम का संचालन किया, अध्यक्ष हरीश केडिया, सतीश शाह, सुनील मारदा,जीतेन्द्र गाँधी, राम सुखीजा, इत्यदि उपस्थित थे।



## सुधा बॉयो पावर में पर्यावरण संकल्प

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सुधा बायो पावर पावर प्राविट लिमिटेड मोहतराई के प्लांट परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण सरंक्षण पर जागरुकता लाना व वातावरण को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर कंपनी के जीएम विनय मलिक,जीएम एस वी राजू, के रवि कुमार,आयुष सिंह ठाकुर सहित अधिकारि एवं कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजातियो के पौधों का रोपण कर संरक्षण का संकल्प लिया।

इस मौके पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया किसने सभी कर्मचारीयो की सहभागिता रही। सुधा बायो पावर द्वारा समय -समय पर विभिन्न जनहितकारी कार्य करते रहते है।

## युवा पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना जरूरी



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जंगल मितान छत्तीसगढ़ संस्था की ओर से पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। 27 खोली स्थित बाजपेयी परिसर में आयोजित इस पर्यावरण संगोष्ठी का यह 33वां वर्ष है। इस अवसर पर युवा पीढ़ी को अभियान के साथ जोड़ना चाहिए। डॉ उषा किरण बाजपेयी, किरण शुक्ला, शत्रुघन सिंह सिकरवार, मनहरन पूरी गोस्वामी, शेलेन्द्र कुमार शुक्ला, बीआर भशज, श्वेता पांडेय, किरन मुले, त्रिवेणी भोई. डॉ विवेक चंदेल, चन्द्र मोहन बाजपेयी,डॉ भूपेन्द्र धर दीवान, राजेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## सीएमडी कॉलेज में पर्यावरण जागरूकता



सीएम दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था। महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष पं संजय दुबे, प्राचार्य डॉ संजय सिंह, एनसीसी एवं एनएसएस के अधिकारी, प्राध्यापकगण, विभागाध्यक्ष, सहायक प्राध्यापक, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहे। प्राचार्य शिक्षकों एवं छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के पुष्पीय एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया।

## संभागायुक्त कार्यालय परिसर में पौधरोपण



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कोनी स्थित संभागायुक्त कार्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। संभागायुक्त सुनील जैन ने परिसर में कचनार का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उपायुक्त विकास हरिशंकर चौहान, उपायुक्त राजस्व स्मृति तिवारी एवं अराध्या कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने भी पौधरोपण किया।

## एक पौधा 'पुरखों' के नाम अभियान



पर्यावरण संरक्षण और अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त करने के उद्देश्य के साथ स्व शिव प्रसाद चतुर्वेदी के पुण्य स्मृति पर दिल्ली आईएस एकेडमी एवं ऑक्सीजन के संयुक्त तत्वावधान में आज एक पौधा पुरखों के नाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सौरभ चतुर्वेदी, विद्या चतुर्वेदी, डॉ देवेंद्र सिंह, सुश्मीत कौर, डॉ किरण पाल चावला, डॉ बलबीर सिंह चावला रविन्द्र प्रताप सिंह, संदीप गुप्ता, सत्यकाम आर्य, राकुमार सिंघानिया प्रशांत प्रसाद, ई नवनीत सिंह राठौर, अनुजा राठौर अब्दुल इरफान, दीप साहा, विनय पाठक मौजूद रहे।

## शैल वस्त्रालय का 'तरु मित्र' अभियान



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शैल वस्त्रालय परिवार ने अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए "तरु मित्र" अभियान के अंतर्गत विशेष पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर शैल वस्त्रालय की पूरी टीम ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। अभियान का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना और हरित भविष्य के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर शैल वस्त्रालय के निदेशक विवेक गुप्ता एवं विनय गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि हम सभी की सतत जिम्मेदारी है।

## नवग्रह एवं नक्षत्र वाटिका का भूमि पूजन



हरिहर ऑक्सीजोन में नवग्रह एवं नक्षत्र वाटिका निर्माण क्षेत्र का भूमि पूजन किया गया। मुख्य अतिथि सीएमडी एसईसीएल हरीश दुहन, कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं अध्यक्षता एसएसपी रजनेश सिंह, अतिविशिष्ट आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे, संदीप अग्रवाल सीईओ , कुलपति प्रो, प्रदीप कुमार घोष, पूर्व कुलपति एडीएन बाजपेई, संरक्षक अनिल टाह, डॉ विनोद तिवारी, डॉ एलसी मढ़रिया, चरणजीत गंभीर, डॉ बीआर होतचंदानी, डॉ अरुण अग्रवाल, सुनील खण्डेलवाल, पीके पंचायती, अनुभा टाह गोयल, विंकु भाटिया आदि की गरिमामय आतिथ्य में संपन्न हुआ।

## पेड़ की छाँव माता के आंचल से कम नहीं



राम प्रसाद मिश्रा फाउंडेशन ने ग्राम पंचायत धनरास के चण्डी माता मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कार्य किया। वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं, क्योंकि वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, वायु को शुद्ध करते हैं तथा पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वृक्षारोपण से प्रदूषण कम होता है, जल संरक्षण में सहायता मिलती है और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण प्राप्त होता है।इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में रामप्रसाद मिश्रा फ़ाउंडेशन के सभी सदस्य उपस्थित रहें।

## एवीएम न्यू सैनिक स्कूल में पौधरोपण



एवीएम न्यू सैनिक स्कूल में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन को समर्पित एक भव्य पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्रकृति संरक्षण के लिए सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण विश्व की सबसे बड़ी आवश्यकताओं में से एक है। विद्यालय के डायरेक्टर एस के जनास्वामी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस विशेष तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि यह हमारी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। विद्यालय की प्राचार्या जी आर मधुलिका ने कहा कि प्रकृति और मानव जीवन का संबंध गहरा है।

## पर्यावरण चुनौतियाँ एवं समाधान' पर संगोष्ठी



विकास संस्कृति पर्यावरण परिषद के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ‡पर्यावरण प्रबंधन : चुनौतियाँ एवं समाधान‡ विषय पर संगोष्ठी अग्रसेन चौक स्थित पर्यावरण परिषद के कार्यालय में आयोजित की गई। आयोजन पर्यावरणविद बृजेश सिंह के मुख्य आतिथ्य व साहित्यकार एम के जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बृजेश सिंह ने मुख्य अतिथि की आसंदी से उद्बोधन के उपक्रम में कहा कि पर्यावरण संरक्षण निश्चित रूप से सबसे महत्वपूर्ण विषय है इसीलिए पर्यावरण प्रबंधन को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाना चाहिए।

## हास्य योग केंद्र ने पर्यावरण सरंक्षण का दिया संदेश



मित्र मंडल हास्य योग केंद्र नेहरू नगर के सदस्यों के द्वारा पर्यावरण दिवस पर सामुदायिक भवन गार्डन में पौधारोपण किया गया। पर्यावरण को बचाने, प्लास्टिक का उपयोग बंद करने और जल संरक्षण के लिए सामूहिक रूप से शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सचिव सुजीत गुप्ता, शुभांगी प्रीति गुप्ता, बसंती वर्मा, सुशील अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, महावीर अग्रवाल, श्रद्धा शर्मा, सुमित्रा, परमेश्वरी घनश्यानी आभा वर्मा बसंत केसरवानी उपस्थित थे।

## कल्पना विहार में अमर ने किया पौधरोपण



नेहरू नगर स्थित कल्पना विहार कॉलोनी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम में नगर विधायक अमर अग्रवाल ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संदेश दिया। कार्यक्रम में महापौर पूजा विधानी, अजीत भोगल, लक्ष्मीनारायण कश्यप, कार्तिक यादव, वैभव गुप्ता, अमर राजपूत, श्रद्धा तिवारी, बी.एल. जोहार, रोशन सिंह, प्रतिभा मिश्रा, विजय यादव, संजय अग्रवाल, सीमा यादव, सुभाष तिवारी, ध्रुव देवांगन, अखिलेश रजक, मनमोहन देवांगन, मर्सी अनीता भगत, किशन यादव, पंकज पंचायती आदि मौजूद रहे।

## विचार प्रकृति को प्रभावित करते हैं



विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में एक विशेष आध्यात्मिक एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीके स्वाति ने कहा कि मानव के विचार केवल उसके व्यक्तित्व को ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण प्रकृति को भी प्रभावित करते हैं। जब मनुष्य का मन तनाव, क्रोध, भय एवं नकारात्मकता से भर जाता है, तब उससे उत्पन्न होने वाले सूक्ष्म प्रकंपन प्रकृति के पांचों तत्वों-पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु एवं आकाश पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में संगोष्ठी

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक के पुनर्चक्रण की जानकारी देने उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्लास्टिक उपयोग एवं उसके पर्यावरणीय प्रभावों पर केंद्रित एक दिवसीय संगोष्ठी, विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिताएं, प्रश्नोत्तरी तथा वृहद वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय एवं सी-कास्ट रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। संगोष्ठी में सी-कास्ट रायपुर के वैज्ञानिक डॉ. अमित दुबे ने बायोप्लास्टिक की





उपयोगिता एवं पर्यावरण संरक्षण में उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। सिपेट रायपुर के मैनेजर डॉ रविंद्र रेड्डी ने री यूज़ ऑफ प्लास्टिक ए स्टेप टुवड्र्स सस्टेनेबल डेवलपमेंट विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि प्लास्टिक का जिम्मेदार उपयोग एवं वैज्ञानिक प्रबंधन सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाना आवश्यक है ,तथा युवाओं की सक्रिय भागीदारी से हरित भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। कुलसचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए जागरूकता और सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। संकुलपति डॉ जयति चटर्जी ने विद्यार्थियों में पर्यावरणीय चेतना विकसित करने तथा वृक्षारोपण एवं पुनर्चक्रण जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताया कार्यक्रम के कार्यक्रम के समन्वयक डॉक्टर रत्नेश तिवारी कार्यक्रम में इंजीनियरिंग के प्राचार्य एमके तिवारी, डॉ. ए के श्रीवास्तव, डॉ रश्मि वर्मा, डॉ श्वेता साव, डॉ अमित शर्मा, डॉ एस के तिवारी डॉ. राजीव पीटर, डॉ राकेश यादव सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कुलपति और कुलसचिव ने किया पौधरोपण

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय में वृहद पौधारोपण अभियान का चलाया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं अमृत परिसर के उद्देश्य से आयोजित इस अभियान में विश्वविद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष, कुलसचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी, संकुलपति डॉ जयति चटर्जी ,सहित प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में पौधारोपण किया। अभियान के दौरान औषधीय एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया तथा उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया गया।

### विज्ञान विभाग में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय के विज्ञान विभाग केमिस्ट्री द्वारा पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, रंगोली, वाद-विवाद एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं निर्णायक के रूप में डॉ. रोहित कुमार, विशेष विभाग अध्यक्ष रसायन विभाग श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज सरगुजा रूप से उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का प्रभावी प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डॉ. रश्मि वर्मा, डॉ. राकेश कुमार यादव,एवं विज्ञान संकाय के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### केप्सी ने गृह विभाग को भेजा पत्र

**बिलासपुर।** सेंट्रल एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट सिक्यूरिटी इंडस्ट्री ने निजी सुरक्षा अभिकरण व्यवसास संचालन में आ रही कठिनाईयों को लेकर सचिव निजी सुरक्षा अभिकरण गृह विभाग को पत्र लिखा है। जिसमें एसोसिएशन ने हाल ही में हुई बैठक और निजी सुरक्षा क्षेत्र को आंतरिक सुरक्षा के सहयोगी भागीदार के तौर किए गई पहल की प्रशंसा की है। साथ ही सुरक्षा उद्योग को पारदर्शी, गतिशील और सुगम बनाने के लिए कुछ सुधारात्मक सुझाव दिए गए है। जिसमें लाइसेंसिंग व नवीनीकरण, पुलिस सत्यापन, डिजिटलीकरण, प्रशिक्षण व कौशल विकास, शिकायत निवारण तंत्र शामिल है। केप्सी के प्रेसीडेंट बीरभान सिंह परमार ने राज्य सरकार से उक्त सुझाव पर सहानुभूतिपूर्वक उचित कार्रवाई करने की बात कही है।

### बिलासपुर से वटवा फेरे लगाएगी समर स्पेशल

**बिलासपुर।** यात्रियों की भीड़ कम करने के लिए रेल प्रशासन ने बिलासपुर से वटवा के बीच एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ग्रीष्मकालीन मौसम में ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए बिलासपुर से वटवा अहमदाबाद के बीच एक तरफ एक फेरे के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह ट्रेन बिलासपुर से वटना अहमदाबाद के लिए 08265 नम्बर के साथ 11 जून को चलेगी, जिसका वाणिज्यिक स्टापेज रायपुर, दुर्ग, गोंदिया स्टेशन में होगा। ट्रेन 11 जून गुरुवार की सुबह 10.45 बजे रवाना होकर दूसरे दिन सुबह 9.45 बजे वटवा अहमदाबाद पहुंचेगी। ट्रेन में दो एसएलआरडी, चार सामान्य कोच, 14 स्लीपर सहित 20 कोच की सुविधा यात्रियों के लिए दी जाएगी।

### तुलप अंडरब्रिज डेढ़ माह तक बंद रहेगा 8 से

**बिलासपुर।** सड़क मरम्मत सहित अन्य कार्यो को करने के लिए तुलप अंडरब्रिज को बंद किया जाएगा। रेलवे के अनुसार बिलासपुर मंडल के टेंगनमाड़ा से खोंगसरा स्टेशन के बीच स्थित तुलप रेल अंडरब्रिज पर सड़क मरम्मत कार्य के अलावा अन्य आवश्यक कार्य किए जाएगे, जिसके कारण 8 जून सोमवार से लेकर 23 जुलाई गुरुवार तक अंडरब्रिज से आवागमन पूरी तरह से बंद रहेगा। इस अवधि के दौरान सड़क यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में टेंगनमाड़ा अंडरब्रिज के अलावा पास में बनाए जा रहे ब्रिज के अस्थायी सड़क का उपयोग किया जा सकेगा।

### खुला नाला दे रहा हादसे को दावत



**बिलासपुर।** राजीव गांधी चौक से रायपुर जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित एक बड़ा नाला प्रशासनिक लापरवाही के कारण खुला पड़ा है। व्यस्त मार्ग होने के कारण यहां हमेशा वाहनों की आवाजाही रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय अक्सर स्ट्रीट लाइट बंद होने या बिजली गुल होने पर गहरा नाला अंधेरे में दिखाई नहीं पड़ता है। जिससे वहां बड़ा हादसा होने का खतरा बना रहता है।

### देशी शराब के साथ एक आरोपी पकड़ा गया

**बिलासपुर।** बिल्हा क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया है। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के घर की पेटी से अवैध शराब बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 4 जून को मुखबीर से सूचना मिली थी कि बिल्हा क्षेत्र में बलराम संवरा अपने घर के कमरों के अंदर पेटी में अवैध शराब रखी है। आरोपी पेटी से ही शराब की बिक्री करता है। पुलिस ने सिविल ड्रेस में मौके पर संवरा मोहल्ला पहुंचकर बलराम संवरा के मकान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान टीने की पेटी में 24 नग देशी मसाला व 48 नग देशी प्लेन शराब मिली, जिसकी कीमत 6240 हजार बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी बलराम संवरा पिता स्व. मालिकराम संवरा उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड क्रं. 5 संवरापारा को न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है।

---

**फैक्ट फाइंडिंग कमेटी जांच रिपोर्ट को अंतिम रूप देने में लगी** | **कुलपति के बाहर से आने के बाद सौंपी जाएगी रिपोर्ट**

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी में समर्थ पोर्टल हैक नहीं, डाटा लीक होने का मामला सामने आया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा गठित पांच सदस्यीय फैक्ट फाईडिंग कमेटी शुक्रवार को जांच रिपोर्ट नहीं सौंप पाई है। फैक्ट फाईडिंग कमेटी की जांच अंतिम स्तर पर है और जांच में समर्थ पोर्टल हैक नहीं होने, बल्कि पोर्टल से लॉगिन पासवर्ड के जरिए डाटा लीक होने का मामला सामने आया है।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में समर्थ पोर्टल हैकिंग और डाटा समेत एग्जाम प्रश्न पत्र लीक मामले में यूनिवर्सिटी की ओर से पांच सदस्यीय फैक्ट फाईडिंग कमेटी गठित की गई थी। इस कमेटी में अनुसंधान विकास प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. एससी श्रीवास्तव, प्रॉक्टर प्रो. मुकेश कुमार सिंह, एचओडी केमेस्ट्री डिपार्टमेंट प्रो. खेमचंद देवांगन, ओएसडी विकास प्रो. भारती अहिरवार,



असिस्टेंट रजिस्ट्रार एग्जाम टीपी सिंह शामिल थे। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने इस कमेटी को सात दिवस में अपनी जांच पूरी कर रिपोर्ट देने कहा था। शुक्रवार को जांच कमेटी का सात दिन पूरा हो गया है और आज कमेटी अपनी रिपोर्ट यूनिवर्सिटी को नहीं सौंपी है और आज पूरे दिन फैक्ट फाईडिंग कमेटी के सदस्य बैठकर जांच रिपोर्ट को अंतिम रूप देने में लगे हुए थे। वैसे कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल बाहर गए हुए है इसलिए उनके यूनिवर्सिटी लौटने के बाद उनसे चर्चा कर रिपोर्ट सौंपी जाएगी। यूनिवर्सिटी की फैक्ट फाईडिंग कमेटी और समर्थ पोर्टल की टीम के साथ आनलाइन मिटिंग में इस विषय पर चर्चा हुई थी और यूनिवर्सिटी ने समर्थ के अधिकारियों से आईपी एड्रेस, लॉगिन आईडी संबंधी इंटर्नल जानकारी मांगी थी।

समर्थ पोर्टल की ओर से कुछ-कुछ जानकारी यूनिवर्सिटी को सौंपी गई है। खबर है कि फैक्ट फाईडिंग कमेटी की जांच में यह बात सामने आया है कि समर्थ पोर्टल हैक नहीं हुआ, बल्कि समर्थ पोर्टल से आईडी पासवर्ड के जरिए डाटा लीक हुआ है। अभी यह खुलासा नहीं हो पाया है कि किस शिक्षक, विभागाध्यक्ष के आईडी पासवर्ड से डाटा लीक हुआ है।

### छात्रों ने की है जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग

एबीवीपी से जुड़े यूनिवर्सिटी के छात्रों ने पोर्टल की सुरक्षा को तत्काल सुदृढ़ करने तथा इस प्रकरण में जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि डिजिटल प्लेटफार्म पर छात्रों के डेटा और परीक्षा प्रणाली की गोपनीयता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। तकनीकी व्यवस्थाओं को समय-समय पर और अधिक मजबूत बनाना आवश्यक है। फैक्ट फाईडिंग कमेटी केवल नाम की न हो बल्कि गड़बड़ी की वास्तविक जांच-पड़ताल करें और कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदार लोगों पर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। छात्रों का कहना है कि यह विषय सीधे तौर पर छात्रों के भविष्य से जुड़ा है इसलिए इस पर ठोस और प्रभावी कदम उठाना आवश्यक है।

### 32 डिपार्टमेंट का गोपनीय डाटा हैं पोर्टल में

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स के निजी डाटा सहित एग्जाम और 32 डिपार्टमेंट के प्रश्न पत्र अन्य गोपनीय डाक्यूमेंट एवं प्रशासनिक कामकाज से जुड़ा डाटा लीक होने का संदेह जताया जा रहा है, क्योंकि समर्थ पोर्टल का इस्तेमाल एडमिशन प्रोसेस, परीक्षा प्रबंधन, स्टूडेंट्स के डाक्यूमेंट, प्रशासनिक रिकार्ड, शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों के लिए किया जाता है। ऐसे में यदि डेटा सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक होती है तो हजारों स्टूडेंट्स की निजी जानकारी प्रभावित हो सकती है। समर्थ पोर्टल पर आधार नंबर, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी सहित शैक्षणिक डाक्यूमेंट जैसी संवेदनशील जानकारियां अपलोड है।

---

**निगम के उद्यान विभाग की लापरवाही से पौधों को नियमित नहीं मिल पा रहा पानी**

# तिफरा फ्लाईओवर के नीचे बना ग्रीन जोन बदहाल, गायब हो गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मार्ट सिटी में शहर को हरा-भरा रखने और पर्यावरण सुधार के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, वही दूसरी तरफ नगर निगम की लापरवाही की एक जीती जागती तस्वीर शहर के व्यस्त इलाकों में से एक महाराणा प्रताप चौक फ्लाईओवर के नीचे का भाग है। यहां लाखों रुपए खर्च कर बनाया गया ग्रीन जोन अब पूरी तरह सूख गया है।

फ्लाईओवर के नीचे जाली लगाकर अवारा पशुओं से उसकी सुरक्षा का इंतजाम को कर दिया गया है, परन्तु नगर निगम उसको पानी नहीं दे पाया। अब हालत यह है कि क्यारियों में खरपतवार उग गई है। वहीं वीआईपी इलाके में पुलिस स्टेशन के सामने डिवाइडर पर लगे पौधे पानी के अभाव से सूख गए हैं। इमलीपारा मार्ग पर डिवाइडर पर नगर निगम के द्वारा लगाए गए पौधे अब सूखने की हालत में हैं,वहां के स्थानीय निवासियों और पर्यावरण प्रेमियों के द्वारा डिवाइडर पर अधिकांस पेड़ों की देखरेख की जाती है, जिससे इमलीपारा मार्ग के पेड़ों को जीवन मिल रहा है।



फ्लाईओवर के नीचे लोगों ने बना रखा है कूडादान, फेंक रहे हैं कचरा।

### सौंदर्यीकरण के प्रोजेक्ट पर फिरा पानी

बिलासपुर को स्मार्ट सिटी के मापदंडों पर ढालने के लिए फ्लाईओवर पर आकर्षक कलाकृतियाँ और पेंटिंग बनाई गई हैं, जिसके नीचे हरियाली विकसित करने का प्लान था, लेकिन निगम के उद्यान विभाग की लापरवाही से पौधों को नियमित पानी नहीं मिला। स्थानीय निवासियों का कहना है कि शुरूआत में इसकी देखरेख हो रही थी और पौधे सुदंर लगते थे, लेकिन अब इस ग्रीन जोन को लावारिस छोड़ दिया गया है। जिससे अधिकांश पौधे मुरझा गए हैं और खरपतवार में तब्दील हो गए हैं। डिवाइडरों पर लगे पौधे भी मुरझा गए सौंदर्यीकरण के लिए लगाए गए कुछ खास प्रजाति के पौधे भी पानी की कमी और मेटेनेंस के अभाव में सूखने की हालात में हैं।

### ड्रिप इरिगेशन और मेटेनेंस का बजट कहां गया?

इन डिवाइडरों और ग्रीन पैच को जिंदा रखने के लिए बकायदा ड्रिप इरिगेशन और नगर निगम के पानी टैंकरो का बजट आवंटित होता है। मई की इस भीषण गर्मी में पौधो को पानी की आवश्यकता है, लेकिन धरातल पर न तो सिंचाई की व्यवस्था है , न ही कोई कर्मचारी और माली उसकी देखरेख करते हैं।

### व्यवस्था सुधारी जाएगी

फ्लाईओवर तक पाइपलाइन गई थी , कुछ जगहों पर रेलवे ट्रैक होने से पाइपलाइन नहीं जा पाई थी ,पहले एक साल तक ठेके पर कार्य होता था, अब फिर से नगर निगम को सौंप दिया गया है, व्यवस्था सुधारी जाएगी।

**-रमन छावड़ा**, नगर निगम उद्यान विभाग अधिकारी

---

# सकरी नेशनल हाइवे पर सक्रिय है लुटेरों का गिरोह

**पुलिस लुटेरों का सुराग नहीं लगा पा रही**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सकरी नेशनल हाइवे पर पिछले कुछ महीनों से लुटेरों का गिरोह सक्रिय है, ये लुटेरे वाहन सवारों को रोककर लूटपाट की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। एक माह के भीतर लुटेरों ने तीन वाहन सवारों को अपना शिकार बनाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया है। आलम यह है कि ऑनलाइन पैसा ट्रांसफर कराने के बाद भी पुलिस लुटेरों का सुराग नहीं लगा पा रही है। इस मार्ग गुजरना वाहन सवारों को भारी पड़ रहा है। लगातार वारदात होने के बाद भी पुलिस इस क्षेत्र में गश्त नहीं कर रही है।

- एक माह में 3 वारदात

पेंड्रीडीह बाइपास से सेंदरी नेशनल हाइवे के बीच सकरी थाना क्षेत्र में लुटेरे गिरोह सक्रिय होकर वाहन सवारों से लूट की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। दिन में फर्जी पुलिसकर्मी बनकर वाहन सवारों रोकते हैं, फिर जांच के नाम पर डरा धमकाकर वसूली करते हैं, इसी तरह ये लुटेरे रात के अंधेरे में सड़क किनारे छिपकर टार्च की रोशनी दिखाकर वाहन सवारों रूकवाते हैं और ड्राइवरों से मारपीट कर लूट की वारदात को अंजाम देते हैं। आलम यह है कि नकद रकम नहीं होने पर ऑनलाइन पैसा ट्रांसफर कराया जा रहा है। इसी तरह छोटे वाहन सवारों से झपट्टा मारकर मोबाइल लूटकर रफूचक्कर हो रहे हैं। आलम यह है कि ऑनलाइन पैसा ट्रांसफर कराने के बाद भी पुलिस लुटेरे गिरोह का सुराग नहीं लगा पा रही है। हालांकि एक दो मामले में पुलिस को लूटपाट करने वाले युवकों को पकड़ने में सफलता मिली है, किन्तु उसके बाद भी गिरोह सक्रिय होकर उस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों सवारों को रोककर लूटपाट की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। एक तरह से उस मार्ग में गुजरना लोगों आवागमन करना महंगा पड़ रहा है। वहीं जान का खतरा बना हुआ है।

### स्थानीय नशेड़ियों के सक्रिय होने की आशंका

गांव के नशेड़ी युवकों के द्वारा इस क्षेत्र में सक्रिय होकर लूटपाट करने की खबर सामने आ रही है। पेंड्रीडीह चौक से सेंदरी नेशनल हाइवे तक दूर दूर तक पुलिसकर्मी नजर नहीं आते हैं। इसका फायदा उठाकर नशेड़ी लोगों से मारपीट कर लूटपाट व झपट्टामारी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। एक तरह से नशेड़ी युवकों ने इसे पैसा कमाने का धंधा बना लिया है।

### मारपीट की कई वारदातें

सकरी क्षेत्र में नशेड़ी सक्रिय होकर बेखौफ मारपीट की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। पिछले दिनों बिनौरी के पास रेपिडो ड्राइवर के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया था। इसी तरह भवानी ढाबा के पास खाना खाने गए तीन युवकों के साथ जमकर मारपीट की गई थी। नशेड़ियों के द्वारा मारपीट की कई वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है।

### सकरी क्षेत्र में हुई लूट की वारदात

- 5 मई लोखंडी के पास मालवाहक ड्राइवर उमरिया निवासी सुरेन्द्र जायसवाल ऑनलाइन लूट
- 8 मई लोखंडी ब्रिज के पास गोपी कुमार धीवर से मोबाइल की लूट
- 1 जून उसलापुर शिवनगर निवासी हाइवा ड्राइवर हमेश कुमार कोसले से लूट

### पतासाजी की जा रही है

लुटेरे गाड़ी मालिक से ड्राइवर के मोबाइल में पैसा ट्रांसफर कराने के बाद उसका मोबाइल लूटकर भागे हैं। अब तक उक्त रकम का ट्रांजेक्शन नहीं किया गया है, जिससे लुटेरों का सुराग नहीं मिल पा रहा है। लूट की घटना को देखते हुए नेशनल हाइवे में पेट्रोलिंग बढ़ाई गई है।

**-उमेश साहू**, सकरी टीआई

---

# अवैध खनिज के 16 प्रकरणों में 16 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग को फिर बड़ी सफलता मिली है। इसके अंतर्गत कुल सोलह प्रकरणों में विभाग ने सोलह वाहनों की जब्ती की है। जब्त वाहनों में आठ हाईवा, छह ट्रैक्टर-ट्रॉली व दो माजदा वाहन शामिल हैं। बारिश से ठीक पहले की गई इस कार्रवाई से रेत चोरों पर नकेल कसने में सफलता मिलेगी।

- 8 हाइवा, 6 ट्रैक्टर-ट्रॉली और 2 माजदा वाहनों की जब्ती

खनिज विभाग द्वारा टीम गठित कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक जांच अभियान चलाकर अवैध खनिज परिवहन में संलिप्त 16 वाहनों को जब्त करते हुए 16 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इसके अंतर्गत टीम के द्वारा तेंदुआ, कोटा, चौरभट्ठी, कछार, लोफंदी, सेंदरी, निरतु, कोनी, मंगला, हिर्री, पचपेड़ी, गोबरी, आमाकोनी, मल्हार, कुकुर्दीकला, गनियारी, चकरभांठा एवं अमसेना सहित विभिन्न क्षेत्रों में जांच की गई। जांच के दौरान अवैध रूप से चूनापत्थर, रेत, साधारण पत्थर एवं मिट्टी-ईंट का परिवहन करते पाए जाने पर वाहनों को जब्त किया गया। कार्रवाई में 08 हाइवा, 06 ट्रैक्टर-ट्रॉली तथा 02 माजदा वाहन शामिल हैं। जब्त वाहनों में अवैध रूप से रेत, चूनापत्थर, साधारण पत्थर और मिट्टी-ईंट का परिवहन किया जा रहा था। सभी वाहनों के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। जब्त वाहनों को संबंधित पुलिस थानों कोनी, कोटा, चकरभांठा, सकरी, हिर्री एवं पचपेड़ी की अभिरक्षा में रखा गया है। बारिश के ठीक पहले खनिज विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा की गई इस तरह की कार्रवाई से रेत चोरों के हौसले निश्चित रूप से कमजोर होंगे।



### की गई है कार्रवाई

खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध दो से पांच जून के बीच खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग की टीम के द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। अवैध खनिज गतिविधियों में संलिप्त लोगों को जिला प्रशासन की चेतावनी है कि वे प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा व राजस्व हानि का प्रयास न करें। इसके लिए कड़ी निगरानी और प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

**-किशोर कुमार गोलघाटे**, उपसंचालक खनिज विभाग

### बाइक सवार को कार ने मारी टक्कर

**बिलासपुर।** दवा का सैंपल लेने सिरगिट्टी जा रहे एमआर को कार चालक ने टक्कर मार दी, हादसे में बाइक सवार व उसका दोस्त घायल हो गया है। सिरगिट्टी पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मामले के अनुसार कुदुदण्ड निराला गली में रहने वाले रामेश्वर साहू पेशे से मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव हैं। 4 जून को अपने दोस्त के साथ बाइक क्रमांक सीजी 10 बीएम 7818 से दवा का सैंपल लेने यातायात नगर सिरगिट्टी जा रहे थे। इस दौरान करीब 2.30 बजे नया बस स्टैण्ड तिफरा के पास पहुचे थे। तभी कार क्रं सीजी 10 बीपी 7522 के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक सवार को चोट आई है। शिकायत के आधार पर सिरगिट्टी पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

---

**जू में निरीक्षण करने पहुंची टीम ने सेंटर में निकाली कमी**

# जर्जर हो रहे इंटरप्रीटिशन सेंटर का किया जाएगा जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कानन पेण्डारी जू में सैलानियों को वन्यप्राणियों की जानकारी देने के लिए इंटरप्रीटिशन सेंटर का निर्माण कार्य ठेकेदार से कराया गया, जिसे ठेकेदार ने बिगाड़ दिया। जू में निरीक्षण करने पहुंची बाहर की टीम ने सेंटर को भी देखकर काफी कमी निकाली, जिसके बाद अब अधूरे पड़े काम को पूरा कराने के लिए नागपुर की कंपनी को जिम्मेदारी दी गई है।

कानन पेण्डारी जू का संचालन अचानकमार टाइगर रिजर्व बायोस्फियर के अधिकारी कर रहे हैं। जू में केज की हालत तो पहले से काफी खराब हो चुकी है। वहीं पुराने स्टॉलों को भी कोरोना काल के समय से ताला बंद कर दिया गया है, जो काफी जर्जर हो चुके हैं। जू के मुख्य गेट पर अंदर प्रवेश के लिए टिकिट बिक्री की जाती है, यहां पूर्व में बच्चों के साथ भ्रमण करने के लिए पहुंचने वाले सैलानियों को पक्षियों और वन्यप्राणियों की जानकारी देने के लिए लाखों रुपए खर्च कर इंटरप्रिटिशन सेंटर बनाया गया था। इस सेंटर में जगह-जगह बोर्ड लगाकर शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणियों सहित पक्षियों की तस्वीर लगाकर उसके नीचे नाम व विवरण भी लिखा गया था। इस सेंटर की हालत इस कदर खराब हो चुकी है कि सामने लगाए गए



टाइल्स पूरी तरह से उखड़ चुके हैं, वहीं अंदर की दीवारों में भी दरारें आने लगी हैं। वन्यप्राणियों की जानकारी देने के लिए लगाई गई बोर्ड में पक्षियों और अन्य वन्यप्राणियों की तस्वीरें गायब और फट चुकी है, जहां अब सैलानी भी जाना पसंद नहीं करते हैं। पुराने सेंटर के जर्जर होने के बाद दो साल पहले बगल में एक नई बिल्डिंग का कार्य शुरु किया गया। बिल्डिंग में दीवारों के साथ बैठने के लिए गैलरी व अन्य कार्य किए गए। इसके बाद काम बिगड़ता देखकर ठेकेदार ने इसे बीच में रोक दिया। ठेकेदार की बनाई गई बिल्डिंग की दीवारों में बारिश के कारण दरारें आने लगी।

### केज की हालत भी खराब

कानन पेण्डारी जू में शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणियों को रखने के लिए अलग-अलग केज बनाया गया है। इन सभी केज की हालत दिन प्रतिदिन काफी खराब होती जा रही है। कई केज के सामने लोहे के रॉड और जालियां टूट चुके हैं और कई टूटने के कगार पर पहुंच चुके हैं। हालत यह है कि केज के सामने लोहे के रॉड और जालियों के टूटने से कभी भी किसी भी समय वन्यप्राणियों के बाहर निकलने की आशंका बनी हुई है। यह जानकारी कानन प्रबंधन को भी है, लेकिन इस ओर प्रबंधन का ध्यान नहीं जा रहा है।

### नागपुर की कंपनी करेगी काम

इंटरप्रीटिशन सेंटर का काम करना है। निरीक्षण करने आई टीम ने सेंटर को बनाने का आदेश दिया गया है, क्योंकि इसमें आडिटोरियम की तरह सारी सुविधा दी जानी है। इसके कारण नागपुर की कंपनी से इस कार्य को कराया जाएगा। वहीं हवा और बारिश की वजह से केज भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं, उसका भी सुधार कार्य होगा।

**-राजेन्द्र सोरी**, अधीक्षक, कानन पेण्डारी जू

---

# एयरपोर्ट में संविदा पदों के लिए चयन सूची जारी

**बिलासपुर।** बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट चकरभाठा में संविदा पदों पर भर्ती के लिए आयोजित साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा मुख्य सुरक्षा अधिकारी एवं असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव के संविदा पदों के लिए 5 जून को साक्षात्कार आयोजित किया गया था।

साक्षात्कार के उपरांत चयनित एवं प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। एयरपोर्ट के नोडल अधिकारी संदीप अग्रवाल ने बताया कि जारी चयन सूची के अनुसार मुख्य सुरक्षा अधिकारी के संविदा पद के लिए आशीष ताम्रकार का चयन किया गया है, जबकि श्रीकांत मनहर को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। इसी प्रकार असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव के संविदा पद के लिए प्रशांत कुमार का चयन किया गया है तथा संजीव कुमार सोनी को प्रतीक्षा सूची में शामिल किया गया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## पथरिया में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पौधरोपण



**पथरिया।** प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर शक्ति केंद्र पथरिया में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने का संदेश देते हुए कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर पौधे रोपे। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रघु वैष्णव, उपाध्यक्ष मनोज पांडेय, मंडल अध्यक्ष संजय राजपूत, मंडल महामंत्री बलराम जायसवाल, सभापति इन्द्रजीत यादव, मीडिया प्रभारी महेंद्र गुप्ता, रवि यादव, दिलीप, विष्णु बघेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उद्यानिकी महाविद्यालय पौधरोपण व खेत बचाओ अभियान



**बिल्हा।** उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में पौधरोपण एवं खेत बचाओ अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. तोरन लाल साहू ने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण तथा कृषि भूमि के संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने का संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा परिसर में विभिन्न वन प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता रही।

## पेड़ बचाओ, पेड़ लगाओ के संदेश ने खींचा लोगों का ध्यान



**बिल्हा।** जनपद प्राथमिक शाला बिल्हा में पदस्थ शिक्षक कलेश्वर साहू ने विश्व पर्यावरण दिवस पर अपने पुत्र अंकित के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनूठी और सराहनीय पहल की है। उन्होंने पर्यावरण चेतना को जगाने के उद्देश्य से नगर पंचायत सरगांव से बिल्हा, चकरभाठा लेकर बिलासपुर तक एक विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत उन्होंने अपने बच्चे को वृक्ष का रूप दिया, जिसके हाथों में पर्यावरण बचाने का संदेश देता पोस्टर थमाकर पूरे बिल्हा नगर का भ्रमण कराया गया। इस अनूठे जन जागरूकता अभियान का बिल्हा में नगर पंचायत बिल्हा के अध्यक्ष वंदना जेंड्रे, उपाध्यक्ष सतीश शर्मा, सभापति मोहन ढोरिया ने से स्वागत किया। इस दौरान पार्षद सुक्रांति रात्रे, विमला मानिकपुरी, राजेश्वरी प्रजापति, राजेश यादव, हजारी यादव, देवप्रधान, कुंजल साहू सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

## महमंद में रोपे गए बरगद पीपल आम, जामुन के पौधे



**मस्तूरी।** ग्राम पंचायत महमंद में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रजातियों के पौधे बरगद, पीपल, आम, जामुन एवं बिही के पौधों का रोपण किया गया। साथ ही पिछले वर्ष लगाए गए पौधों के संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया गया। उपस्थित लोगों द्वारा श्रमदान कर पुराने पौधों की जड़ों में मिट्टी भरकर उन्हें मजबूत बनाने का कार्य किया गया, जिससे उनकी बेहतर वृद्धि सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा चंद्रप्रकाश सूर्या, पर्यावरण संरक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ. सुखउ निषाद, सरपंच प्रतिनिधि विक्की निर्मलकर, ओम प्रकाश सूर्यवंशी, पूर्व सरपंच धरमलाल सूर्यवंशी, महमंद सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष तिलक साहू, गंगेय निर्मलकर, महेश्वर साहू, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि वेदराम निर्मलकर, पंच राकेश सूर्यवंशी, संजय सूर्यवंशी, विक्रांत निर्मलकर, गोपाल साहू, सुखसागर रजक सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### 10 सालों से काम कर रही स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी

# वृक्ष का आकार लेने लगे हैं 8 हजार पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगेली

पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रही संस्था स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी जन जागरूकता के माध्यम से विगत 10 सालों से चल रहे पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में जुटी हुई है। हरियर मुंगेली-सुघ्घर मुंगेली अभियान के तहत शहर सहित आसपास के ग्रामीणों को जोड़ इस अभियान को सफल बनाया है। संस्था द्वारा 3 हजार पौधे ट्री-गार्ड से एवं 5 हजार पौधे फेसिंग तार के अंदर कुल 8 हजार पौधे में अधिकांश पौधे वृक्ष का आकार लेने लगे हैं।

प्रकृति के संरक्षण की पहल किसी व्यक्ति या टीम के प्रयास से उतना जल्द पूर्ण नहीं होता जितना जनसहयोग या जनभागीदारी से वह जल्द अपने मुकाम तक पहुंच जाता है। इसी उद्देश्य के साथ स्टार आफ टुमारो द्वारा लगाए गए पौधे वृक्ष का आकार लेते जा रहे हैं। लोरमी बाइपास से दाऊपारा जाने वाले मार्ग पर लगाए गए पौधे वृक्ष का आकार लेते जा रहे हैं।



पौधरोपण अभियान से जुड़े संस्था के सदस्यों ने पीपल, बरगद, नीम, करंज, जामुन, अमरूद सहित विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपित किए है। तीज त्यौहार एवं गुरूओं, पूर्वजों, शहीदों के नाम से संस्था के सदस्य पौधरोपण करते रहते है। पिछले कुछ वर्षो से गर्मी के सीजन में लगातार तापमान में बढ़ोत्तरी हुई, नगर सहित पूरे जिले का वाटर लेबल भी नीचे गया जिसके चलते पेयजल संकट का सामना सभी को करना पड़ा। गर्मी के दौरान पिछले वर्षों से मुंगेली का तापमान पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा होता है जिसकी मुख्य वजह पेड़ो का धड़ल्ले से कटना और नए पौधों का नही लगना है, जिससे पर्यावरण का संतुलन लगातार बिगड़ते जा रहा है।

इस विकट समस्या को ध्यान में रखते हुए स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी ने पर्यावरण के प्रति लोगो को जागरूक करने का बीड़ा उठाया है। संस्था के द्वारा पौधे लगाने के बाद वहां रहने वाले परिजनों को उस पौधे का अभिभावक बनाकर उस पौधे की देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है साथ ही उनके पूर्वजो की स्मृति की पट्टिका ट्रीगार्ड में लगाई जा रही है जिससे पौधे से उन परिवारों का सीधा लगाव हो सकें। पौधरोपण अभियान में संस्था के संयोजक रामपाल सिंह, सह संयोजक रामशरण यादव, अध्यक्ष महावीर सिंह, सचिव विनोद यादव, सतपाल मक्कड़, दिनेश गोयल, गोखलेश सिंह, आशीष कुमार सोनी, दीपक जैन, श्रेणिक पारख, गिरीश सुथार, विकास जैन, रणवीर सिंह, नीलेश केशरवानी, सूरज मंगलानी, सुनील वाधवानी, आशीष सिंह, मुकेश पांडेय, राहुल साहू, कोमल चौबे, पप्पू शर्मा, सुनील वाधवानी, राहुल मल्लाह, पवन यादव, श्रेयांश बैद, वैभव ताम्रकार, चित्रकान्त सिंह, रवि साहू, संदीप सिंह, संतोष जांगड़े, अजय चंद्राकर, श्रीओम सिंह, आर्या सिंह, धीरज जैन, देवेंद्र सिंह, दिलबाग सिंह, अमित साहू, परमेश्वर देवांगन, वासु पांडेय, अरविंद रूपवानी आदि जुटे हुए हैं।

## 119 अमृत सरोवरों में हुईं विविध गतिविधियां

**मुंगेली।** जिले में अमृत सरोवरों को पर्यावरण संरक्षण एवं जनभागीदारी के सशक्त केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में व्यापक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिले के अमृत सरोवर फेस–1 के 112 तथा फेस–2 के 7 सहित कुल 119 अमृत सरोवर स्थलों पर जनसहभागिता आधारित विविध गतिविधियां संपन्न हुईं। कार्यक्रमों के अंतर्गत अमृत सरोवरों एवं उनके जलग्रहण क्षेत्रें में पौधरोपण, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण गतिविधियां तथा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पर्यावरण संरक्षण के साथ स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न स्थलों पर सामूहिक योगाभ्यास भी कराया गया।



कलेक्टर ने कहा है कि अमृत सरोवर केवल जल संरक्षण की संरचनाएं नहीं हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता के प्रभावी केंद्र भी हैं। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित गतिविधियां जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रभाकर पाण्डेय ने कहा कि मनरेगा के तहत निर्मित अमृत सरोवर ग्रामीण क्षेत्रों में जल संवर्धन और पर्यावरण संरक्षण के उत्कृष्ट उदाहरण हैं।

## सुरक्षित भविष्य के लिए पौधरोपण आवश्यकः मेरावी

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के स्टेट प्लान आफ एक्शन के तहत जिला न्यायालय परिसर मुंगेली में पौधरोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती गिरिजा देवी मेरावी के नेतृत्व में न्यायालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती मेरावी ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश देते हुए कहा कि मानव कल्याण और सुरक्षित भविष्य के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपने परिवार और बच्चों से स्नेह रखते हैं, उसी प्रकार पौधों के प्रति भी संवेदनशीलता और संरक्षण का भाव होना चाहिए। वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन का आधार नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर भी हैं। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जसविंदर कौर अजमानी मलिक, न्यायिक मजिस्ट्रेट कु. नारायणी कच्छप, चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम टीकम चंद्राकर, राजेश मिरे, कौंसिल रति राम बर्मन, जयकुमार डहरिया, द्रौपती कश्यप, न्यायिक कर्मचारी, अधिवक्ता एवं पैरालीगल वालंटियर्स उपस्थित रहे। लिया।



## प्रकृति को हरा–भरा रखने का लिया संकल्प

**मुंगेली।** भाजपा द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर प्रकृति को हरा–भरा बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय संकट को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह अधिक से अधिक पौधा लगाए और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाए। वृक्ष ही जीवन का आधार हैं तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए पौधारोपण आवश्यक है। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शैलेष पाठक, जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, सुनील पाठक, वरिष्ठ नेता लोकनाथ सिंह, जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव, कार्यालय प्रभारी कोटू दादवानी, महामंत्री मन्नू श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा राजेश्वर सिंह टंडन, महेंद्र पारख, पवन मिश्रा, लवलेश सिंह, घनश्याम यादव, शैलू यादव, रविंद्र बघेल, लवन डाहिरे, विनोद श्रीवास, रितिमा लाल सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आसपास स्वच्छता एवं हरियाली बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।



## पौधे लगाकर दें प्रकृति के संरक्षण में योगदान

**सेतगंगा/मुंगेली।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, फास्टरपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। स्वयं सेवकों ने पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यार्थियों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य ० पूर्णिमा मिश्रा, प्रहलाद घिर्रे, नरेंद्र काठले, कविता उपाध्याय, रंजनी कश्यप, कु. अनिका शर्मा, धन सिंह ढिढोरे, झरोखा लाल मिरी, तन सिंह, टीकाराम, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा० रामबाबू मिश्र एवं स्वयं सेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए वृक्ष लगाने और प्रकृति के संरक्षण में योगदान देना चाहिए।



## पानी का दुरुपयोग बंद हो

**मुंगेली।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर, व्यवस्थापक एवं सचिव एच.आर.भास्कर, वन विभाग के प्रतिनिधि एन.के.गहरवार एवं स्टाफ, विद्यालय के प्राचार्य आशा दिवाकर, संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा शिक्षक–शिक्षिकाओं द्वारा अपने–अपने गांव घर से लाये गए पानी को एक बाल्टी में तथा खाद एवं मिट्टी को एक धमेला में एकत्रित कर तथा हाथ लगाकर महापंचामृत एवं महाखाद बनाया गया। संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर ने कहा कि जिस तरह से पानी का दूरूपयोग हो रहा है और अनावश्यक पेड़ कटाई हो रही है उसे रोका जाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन उपप्राचार्य छत्रपाल डाहिरे ने की। इस अवसर पर योगकुमार पाटले, राजेश दिवाकर, वेदराम चतुर्वेदी, एन.डी. जोगांश, जे.आर.साहू, राहूल पात्रे, नरेश कुमार, टकेश्वर साहू, डिगेश्वर, पेंढारकर, जसवंत चतुर्वेदी, लीला पात्रे, नीलू जांगड़े, भुवनेश्वरी खांडे, आराध्या, अनुष्का आदि उपस्थित रहे।



## दुनिया के लिए गंभीर चुनौती है जलवायु परिवर्तनः वर्मा

**लोरमी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पालिका अध्यक्ष की टीम ने लोगों से अपने घरों के आसपास एक पेड़ लगाकर पर्यावरण को संरक्षित करने की अपील की।

नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा प्रकृति और मानव जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित करना सभी की जिम्मेदारी होनी चाहिए। वर्तमान समय में बढ़ता प्रदूषण जलवायु परिवर्तन वनों की कटाई जल संकट और जैव विविधता का पूरी दुनिया के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। ऐसे में विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक औपचारिकता आयोजन नहीं बल्कि धरती को सुरक्षित और समृद्ध भी बनाने का संकल्प लेने का अवसर है। पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है। औद्योगीकरण शहरीकरण प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन के कारण पर्यावरण का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। अध्यक्ष सुजीत वर्मा और वार्ड नंबर 17 के पार्षद घनश्याम यादव ने और मेडिकल टीम लोरमी ने जन जागरूकता का अभियान चलाया, जिसमें नगरवासियों का सहयोग मिला। इस अवसर पर नगर मेडिकल टीम के अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, उपाध्यक्ष जीवन साहू, कोषाध्यक्ष अवधेश राजपूत, राजेंद्र साहू, जितेंद्र राजपूत, घनश्याम यादव आदि उपस्थित थे।



## पर्यावरण बचाने शिक्षक साहू की अनूठी पहल



**सरगांव।** समीप गांव लोहदा निवासी तथा जन प्राथ शाला बिल्हा में पदस्थ शिक्षक कलेश्वर साहू ने विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को अपने पुत्र अंकित के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बेहद अनूठी और सराहनीय पहल की है। उन्होंने पर्यावरण चेतना को जगाने के उद्देश्य से न पं सरगांव से लेकर बिलासपुर तक एक विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत उन्होंने अपने बच्चे को वृक्ष का रूप दिया, जिसके हाथों में पर्यावरण बचाने का संदेश देता पोस्टर थमाकर पूरे सरगांव नगर का भ्रमण कराया गया। इस अनूठे जन जागरूकता अभियान की विधिवत शुरुआत नगर पंचायत सरगांव के अध्यक्ष परमानंद साहू व वरिष्ठ पत्रकार समाज सेवी शिव पाण्डेय की उपस्थिति में की गई। न पं अध्यक्ष परमानन्द साहू ने कहा कि बिगड़ते पर्यावरण की हालात को देखते हुए लोगों में पर्यावरण को बचाने व सुधारने के लिए वृक्षारोपण कार्य के लिए जन जागरूकता अति आवश्यक है,वृक्ष लगाना बस नहीं है बल्कि उसका संरक्षण अतिआवश्यक है।इस दौरान शंकर लाल साहू,देव प्रधान, ललित यादव, कपूर साहू, प्रदीप साहू, सुकेश राजपूत, तरुण अग्रवाल आदि बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

## चपोरा में लगाए गए फलदार पौधे



**रतनपुर।** ग्राम चपोरा स्थित आदिवासी सेवा सहकारी समिति मर्यादित परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण और धरती को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से समिति प्रांगण में फलदार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गांव के वरिष्ठ नागरिक भाऊराम जायसवाल, बरन जायसवाल, उमाशंकर जायसवाल, भरतलाल लास्कर एवं जयराम सिंह पैकरा ने संयुक्त रूप से पहला पौधा लगाकर किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। किरण धुर्वे, सरिता जायसवाल, गंगोत्री केवट, विजयश्री एवं चमेली बाई सहित अन्य महिलाओं ने पौधारोपण कर उनके संरक्षण और नियमित देखभाल का संकल्प लिया। आदिवासी सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक विवेक सिंह राजपूत के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में ओंकार प्रसाद यादव, सुधांशु जायसवाल, अमन जायसवाल, जितेंद्र जायसवाल, राजू यादव, गौरीशंकर जायसवाल एवं भूपेंद्र मरावी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा और समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## पौधरोपण को बनाना होगा जन आंदोलन



**मल्हार।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को ग्राम डगनिया के तालाब परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि प्रकृति के संतुलन एवं आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर सरपंच हरप्रसाद भारते, पंच अवध राम घोसले, धनेशु गेंदले, उत्तम टंडन, समारू गेंदले, रामफल खूंटे, सूरज टंडन एवं मनीष मनहर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ज्वाला बंजारे ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण को जन आंदोलन बनाना होगा। उन्होंने लोगों से पौधे लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों एवं ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया। अंत में सभी ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। इसी तरह बूढ़ीखार के हायर सेकेंड्री स्कूल परिसर में भी पौधरोपण किया गया जिसमें आम व जाम के पौधे लगाए गए, इस अवसर पर प्राचार्य कांशीराम रजक, सरपंच दीपक लहरे, बीरबल थवाईत व ग्रामीण शामिल हुए।

## सेमरा के आत्मानंद स्कूल को पर्यावरण चैंपियन अवार्ड

**पेंड्रा।** जिले के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेमरा को राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित पर्यावरण चैंपियन अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून तथा जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) की "नमामि गंगे परियोजना" के तहत प्रदान किया गया। इस उपलब्धि में जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी के मार्गदर्शन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके विशेष प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में संस्था द्वारा हरित परिसर निर्माण, जल संरक्षण तथा विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित करने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। वहीं, अक्षय नामदेव एवं उनकी टीम के सक्रिय सहयोग और तकनीकी मार्गदर्शन से विद्यार्थियों ने पर्यावरणीय गतिविधियों में उल्लेखनीय सहभागिता निभाई। विश्व पर्यावरण दिवस पर देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में विद्यालय को औपचारिक रूप से "पर्यावरण चैंपियन अवार्ड 2026" प्रदान किया गया। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले और छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गर्व एवं प्रेरणा का विषय है।



## 108 पौधों का रोपण कर लिया संरक्षण का संकल्प

**पेंड्रा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा संगठन 'दिया डिवाइन ग्रुप' एवं शिव सरोवर पर्यावरण मित्र मंडल के संयुक्त तत्वावधान में वार्ड क्रमांक 2 स्थित शिव सरोवर रोपणी परिसर में विशाल पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित अतिथियों, संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पौधों का पूजन कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया तथा 108 पौधों का रोपण किया। नपा अध्यक्ष राकेश जालान ने कहा कि बढ़ते तापमान और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए सघन पौधरोपण ही सबसे प्रभावी उपाय है। दिया डिवाइन ग्रुप के संरक्षक मथुरा सोनी ने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण सुरक्षित रहेंगे तो मानव जीवन भी सुरक्षित रहेगा। नगर पालिका उपाध्यक्ष शरद गुप्ता ने भी पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. वागीशा ने कहा कि पर्यावरण न केवल हमारी भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति करता है, बल्कि आयुर्वेद, औषधीय वनस्पतियों एवं आध्यात्मिक जीवन में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम के अंत में जिला संयोजक कंचन सिंह ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार रजक ने किया। इस अवसर पर सीएमओ अमलदीप मिंज, पार्षद सेमबती कोल, पूर्व पार्षद मैकू भरिया, ओम प्रकाश बलभद्र, सुमन यादव, आरती सोनी, ज्योति गुप्ता, पिंकी उईके, शिवानी यादव, सरिता यादव आदि मौजूद थे।



## प्राकृतिक संतुलन के आधार हैं वृक्षः जालान

**पेंड्रा।** नगर पालिका परिषद एवं दिया डिवाइन ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में वार्ड क्रमांक 2 में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद पेंड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान रहे। उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान ने वार्ड क्रमांक 2 में ओपन जिम एवं मंगल भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। साथ ही वार्ड क्रमांक 2 एवं 3 की लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान के लिए लगभग 25 लाख रुपये की लागत से पानी की टंकी निर्माण कराए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि वृक्ष प्राकृतिक संतुलन के आधार हैं। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमलदीप मिंज, नगर पालिका उपाध्यक्ष शरद गुप्ता, पार्षद सेमकली कोल, पूर्व पार्षद मैकू भरिया, रमेश कोल, राजकुमार रजक, कंचन सिंह, दिया डिवाइन ग्रुप के प्रमुख ओम प्रकाश बलभद्र, वरिष्ठ भाजपा नेता मथुरा सोनी सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

